


पाक्षिक
SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-07-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara


वर्ष-27 | अंक-02 | भीलवाड़ा/07 जुलाई, 2024 | कुल पृष्ठ- 26 | मूल्य : 25 रुपए





















# अगस्त से भारी व्यापार की संभावना

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

दिल्ली कपड़ा बाजार में एक और पखवाड़ा कारोबार में लगभग सन्नाटे का गुजर गया तथा फिलहाल जुलाई में भी इसके जारी रहने की आशंका, ऐसा व्यापारी बोल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल के पहले सप्ताह के बाद बाजार में लगातार सन्नाटा बना हुआ है, हाँ बीच-बीच में सीमित ग्राहकी नजर आती है लेकिन नियमितता नहीं बन पा रही है। अनके व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष कारोबार में धीमापन आता है लेकिन इस वर्ष कारोबार में सन्नाटा वे पहली बार देख रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि अप्रैल के बाद वैवाहिक तिथियां न होना बाजार में सूनेपन का कारण है। हर वर्ष कुछ वैवाहिक तिथियां होती थी लेकिन इस वर्ष अक्षय तृतीया भी लगभग सूनी ही बीत गई। व्यापारियों के अनुसार अब जुलाई में केवल चंद वैवाहिक तिथियां हैं और उनकी खरीद से बाजार में कोई रौनक नजर आने वाली नहीं है।

## कपड़ा उत्पादन जोरों पर

जानकारों का कहना है कि दिल्ली थोक बाजार में कारोबार कम होने पर भी कपड़ा उत्पादकों पर कोई असर नहीं पड़ा है, क्योंकि उनका कपड़ा किसी न किसी माध्यम से कहीं न कहीं बिक रहा है और उपभोक्ता तक पहुंच रहा है।

**व्यापारियों का कहना है कि अब दिल्ली बाजार में अगस्त के पहले सप्ताह में चहल-पहल आरंभ होने का अनुमान है। इनका कहना है कि अगस्त में आगामी त्योहारों और वैवाहिक सीजन के लिए बाजार में हलचल आरंभ होने की आशा में थोक व्यापारी तैयारी कर रहे हैं। व्यापारियों को आशा है कि अगस्त में आरंभ हुई ग्राहकी वर्ष के अंत तक चलनी चाहिए।**

## ऑनलाइन खरीद का बढ़ता चलन

व्यापारियों का कहना है कि खुदरा बाजार में कपड़े की ग्राहकी में कमी का एक कारण ऑनलाइन खरीद का बढ़ता चलन है। लेड़ीज सूटों का इसके कारोबार पर व्यापक असर पड़ा है। अब महिलाएं कुर्ती या सूटों आदि की खरीद ऑनलाइन अधिक करने लगी हैं। जानकारों का कहना है कि ऑनलाइन में एक्सचेंज की सुविधा आदि से अनेक महिलाओं ने अब बाजार में आना बंद कर दिया है और इससे चांदनी चौक में भीड़ में कमी आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि रेडीमेड गारमेंट की बढ़ती मांग भी थोक बाजार में ग्राहकी को समाप्त करती जा रही है। इनका कहना है कि शर्टिंग आदि में रिटेल काउंटर पर कटत कम होती जा रही है। जानकारों के अनुसार दिल्ली के आसपास अनेक छोटे थोक बाजार उभरने के कारण भी थोक बाजार में कारोबार प्रभावित हो रहा है।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...







































# प्रोसेस इंडस्ट्री में हुआ बड़ा बदलाव

## अधिकतर प्रोसेस गृहों में लेटेस्ट तकनीक की मशीनरी स्थापित

**भीलवाड़ा / कमलेश व्यास**

वैश्विक स्तर पर सूटिंग मैनचेस्टर के नाम से विख्यात शहर भीलवाड़ा इस क्षेत्र में प्रमुख केंद्र बन चुका है। पिछले कुछ वर्षों से हुए परिवर्तन के तहत अधिकांश प्रोसेस गृह बड़े घरों में हस्तांतरित हो गए। जिसके अंतर्गत काफी स्तर तक अत्याधुनिक उन्नत तकनीक की मशीनरी लगाई गई। जिसके चलते प्रत्येक तरह की फैब्रिक उम्दा क्वालिटियों में प्रोसेसिंग की जा रही है। गौरतलब है कि स्थानीय वस्त्र मण्डी के अलावा कई कॉर्पोरेट हाउस से भी बड़ी तादाद में फैब्रिक यहां पर फिनिश के लिए आ रही है। वर्तमान में लगभग 9-10 करोड़ मीटर कपड़ा मासिक उत्पादन किया जा रहा है।

### मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लेस

प्रोसेस इंडस्ट्री में तकरीबन उद्यमियों द्वारा इनोवेशन करते हुए काफी स्तर तक मशीनरी को अपडेट किया, जिसमें फैब्रिक की गुणवत्ता फिनिश के लिहाज से उम्दा हो सके, साथ ही कॉटन फैब्रिक की क्वालिटी प्रोसेसिंग भी कई प्रोसेस गृह कर रहे हैं, क्योंकि बाजार में कॉटन सेक्टर की डिमांड में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा फाइबर डाईड, पीस डाइड, लाइक्रा, पीवी, पॉलिएस्टर, शर्टिंग एवं फर्निशिंग इत्यादि में भी बेहतरीन प्रोसेसिंग की जा रही है। टेक्नोलॉजी क्षेत्र में बड़े बदलाव का कारण यह रहा कि कई मशीनरी उच्च तकनीक की आयात की गई, जिससे क्वालिटी फिनिश एवं समय की भी कमी आई।

### यूनिफॉर्म सेक्टर में उम्दा फिनिश

यूनिफॉर्म सेक्टर में स्कूल के अलावा इंडस्ट्री, सिक्योरिटी, कॉर्पोरेट, होटल, रेलवे, कई प्राइवेट सेक्टर, सेना, पुलिस इत्यादि में खपत होने से इस क्षेत्र में कुल उत्पादन की मात्रा बढ़ी है। कुछ बड़े ब्राण्ड्स में तो यहीं पर वेयरहाउस एवं ऑफिस खुल चुके हैं।

**पर्यावरण संरक्षण-** स्थानीय मंडी में अधिकतर प्रोसेस गृहों में प्रदूषण नियंत्रण के सभी मानदंडों की पालना हो रही है, जिसमें 0 डिस्चार्ज के लिये लेटेस्ट तकनीक के ETP एवं R.O. प्लांट स्थापित कर चुके हैं। प्रोसेस गृहों के सराउण्डिंग सघन वृक्षावली भी देखने को मिलेगी एवं सालाना पौधारोपण कर उनको पोषित करने में तत्पर रहते हैं। केंद्र सरकार की ग्रीन एनर्जी प्रोत्साहन से सोलर पैनल भी लगाए जा रहे हैं एवं प्रोसेस गृहों में अब ऑर्गेनिक फ्यूल का उपयोग भी बढ़ रहा है।

**समस्याएँ-** स्थानीय शहर आज लगभग 6 लाख की जनसंख्या में पहुंच चुका है, जिसमें से लगभग चार लाख से ऊपर जनसंख्या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़ी हुई है। अगर टेक्सटाइल इंडस्ट्री को निकाल दो तो इसके हालात भी अन्य कई जिलों जैसे हो जाएंगे यानि यहां की अर्थव्यवस्था टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर ही टिकी हुई है। कपड़ा उद्योग से राज्य एवं केंद्र सरकार को भी टेक्स के माध्यम से रेवेन्यू मिल ही रही हैं, फिर भी पर्यावरण संरक्षण एवं पोल्यूशन के नाम पर उद्यमियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसी क्रम में कई पर्यावरणीय संगठन जो धरातल पर कोई कार्य नहीं करते, केवल दुकानदारी और उगाही के लिए बने होते हैं। और तो और , कई डिजाइनर मीडिया भी मौके-मौके पर अपना रूतबा दिखाते रहते हैं।

**विकास एवं विनाश एक सतत प्रक्रिया-** बढ़ते तकनीकि युग में विकास द्रुत गति से बढ़ा है, इसी के साथ औद्योगिक विस्तार से पर्यावरण प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा है, जिसके लिए उद्यमियों के साथ टेक्स लेने वाली सरकार का भी दायित्व बनता है कि इंडस्ट्री भी चले एवं प्रदूषण भी नियंत्रण में रहे। इसके लिए संयुक्त रूप से उपाय हो, तब ही स्थाई समाधान निकलेगा।

**पाँच नये प्रोसेस हाउसों की हुई स्वीकृति-** स्थानीय वस्त्र मंडी में बढ़ते उत्पादन के मध्य नजर सरकार द्वारा पाँच नए प्रोसेस गृहों की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें दो प्रोसेस शुरू हो चुके हैं जो क्रमशः लक्ष्मी विशाल एवं आर्म प्रोसेस (सामग्रुप) नाम से है इनको मिलाकर वस्त्र मंडी में 20 प्रोसेस गृह संचालित हो रहे है, और तीन प्रोसेस गृह अन्डर प्रोसेस में जिनका शीघ्र ही शुभारम्भ होगा।

# बरसात के साथ ही ऑफ सीजन शुरु

**उदयपुर / नवीन कोठारी...** मानसून के प्रवेश के साथ ही वस्त्र बाजार में ऑफ सीजन की शुरुआत हो गई। वैसे भी पिछले काफी दिनों से ग्राहक नदारद थे। पहले भीषण गर्मी से बाजार में सन्नाटा था फिर गर्मी से राहत के बावजूद भी बाजार में आशानुरुप ग्राहकी नहीं हुई और मानसून आ गया। आमतौर पर वर्षाकाल में ग्राहकी नहीं होती है। अतः वस्त्र व्यापारी मानसिक तौर पर तैयार हो, मगर पिछले लम्बे समय से व्यापार में मुनाफा नहीं होने से चिन्तित होना स्वाभाविक है। थोक वस्त्र विक्रेताओं को नया ऑर्डर नही मिल रहा और बाजार में पिछले ऑर्डर का रूपया भी अटका पड़ा है। फूटकर वस्त्र विक्रेता भी पुराने स्टॉक से काम चलाने पर मजबूर है। जानकारों की माने तो अब रक्षाबन्धन से पूर्व बाजार में उठाव देखने को मिल सकता है।

# रेडीमेड स्कूल ड्रेस की सीजनल ग्राहकी

**ब्यावर / अनिल डोसी...** मार्केट में ग्राहकी धीमी चल रही है। अभी स्कूल ड्रेस का सीजन चल रहा है। सरकारी स्कूल ड्रेस, चैक्स, लाइनिंग, टाई-बेल्ट, बूट की ग्राहकी अच्छी चल रही है। रेमण्ड कॉटन, व्हाइट हाउस, स्पन सूटिंग 2/18-340 ग्राम, 340 ग्राम व फैंसी क्वालिटियां चल रही है। ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट, टेरी रूबिया, शर्टिंग-सूटिंग, धोती जोड़ा प्लेन व प्रिंट, इण्डो प्रिंट का चलन जारी है। रेडीमेड स्कूल ड्रेस की डिमाण्ड ज्यादा ही है। पेमेंट की आवक ठीक है।

# 2025 तक 700 कस्टमर बनाने का प्लान

**भीलवाड़ा**


बैनी कोट्स द्वारा काफी जगह एजेंट बनाए जा रहे है। कंपनी के डायरेक्टर श्री बी.जी. झँवर ने बताया कि मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश में अभी हमारी कंपनी एजेंट बना रही है। कंपनी का फोकस यूनिफॉर्म, इण्डस्ट्रियल, होटल, हॉस्पिटल, हॉउस किपिंग सेक्टर के अंदर है। हाल ही में कंपनी के पास 300 से ज्यादा रिटेल कस्टमर है। कंपनी पूरा प्रयास कर रही है कि सन् 2024-25 में कम से कम 700 कस्टमर बनाने का प्लान कर रही है। डवलपमेंट में भी कंपनी पूरी तरह से रोज नई चीज डवलप कर रही है, जो कस्टमर की रिक्वायरमेंट अनुसार कपड़े पर पूरा ध्यान कर रही है। कंपनी को अपनी हिट क्वालिटी सूपर फाइन 9952, सूपर टसर 7200, इनफीनो, बार एट लॉ, कॉटन कूल 3200, डिलक्स 999 का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी डीएमएस के अंदर भी 300 ग्राम के अंदर काफी लंबी रेंज बना रही है, जो मीडियम क्वालिटी के अंदर काफी अच्छा रिस्पॉन्स आ रहा है। यार्न के अंदर पिछले 40 दिनों में 25 से 30 रू प्रतिकिलो की तेजी आई है। फिलहाल कंपनी पुराने भाव में अपने रेग्युलर कस्टमर की बुकिंग कर रही है। कंपनी को पूरी आशा है की 2 महीने बाद बहुत अच्छा सीजन चलने वाला है जो की लगभग 10 महीने से ज्यादा चलेगा।




# जल आपूर्ति समस्या का समय पर निराकरण होने से औद्योगिक क्षेत्र को राहत

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**

औद्योगिक गतिविधियाँ भी मौसम की शिकार है तथा श्रमिकों की भारी कमी से परेशानियों में राहत नहीं मिल पा रही है। व्यावसायिक कार्य-प्रक्रियाओं में सरसता के बोध का अभाव है। इस उष्ण मौसम में पोपलीन की चालानी में विशेष जान नहीं है। नाईटी की रजवाड़ी की मांग निरन्तर जारी के साथ जोर भी पकड़ रही है। बाजार की हालत ग्राहकी न होने से नाजुक बनी हुई है। जल आपूर्ति की समस्या का समय पर निराकरण हो जाने से औद्योगिक क्षेत्र को भारी राहत का एहसास हुआ है। इसके स्थाई समाधान की आवश्यकता महत्त्वपूर्ण है ताकि पुनः ऐसी स्थिति उपस्थित न हो पाये। वर्षा की बूंदाबांदी से औद्योगिक उत्पादन और अधिक शिथिलता की ओर अग्रसर हो जाता है। उद्यमी प्रकृति के प्रहार को झेलने को मजबूर है। यद्यपि सम्भावित सभी सावधानियाँ रखने के प्रयास किये जाते हैं, फिर भी किसी न किसी प्रकार के नुकसान का शिकार हुए बिना नहीं रहती। अभी जो विद्यमान वातावरण में ग्राहकी का शोर बराबर गिरता दिखाई पड़ रहा है, इससे एक आशंका अवश्य उभरती है कि हालात जो है, उससे मन्दी का स्वर उभर सकता है। ग्राहकी जब अत्यंत शिथिलता के आगोश में आ जाती है तो चालानी, उत्पाद रकम की आवक आदि प्रभावित होते हैं। पेटीकोट में आजकाल कई वैरायटीज बनने लगी है, जिसमें कुछ सामान्य स्तर होने के साथ बहुस्तरीय बनाने लगे है। पैकिंग के आकर्षण को और बढ़ाने का सिलसिला बढ़ गया है। दिशावरी मण्डियों के कई व्यापारी सिंगल पीस में माल लेने के इच्छुक हैं। प्रारम्भ तौर से अब तक एक-एक दर्जन पैक की सप्लाई रही है। अब उत्पादक ग्राहक की इच्छानुसार पैकिंग देने की ओर प्रय|शील लग रहे हैं। रेयॉन, साड़ी फॉल, नाईटी क्लॉथ का काम धीमा बताया जा रहा है, वहीं सलवार सूट, बेबी सूट, शर्टिंग के कार्य किये जाने के समाचार है।







## आवश्यक सूचना

सिलीगुड़ी / मैं संतोष टेक्सटाइल एजेंसी / सुनीता टेक्सटाइल एजेंसी (सिलीगुड़ी) द्वारा अपनी कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में परिवर्तन करते हुए जो कॉन्फ्रेंस दिनांक 27 जुलाई से 29 जुलाई घोषित की गई थी। उसको अब 21 जुलाई से 23 जुलाई कर दिया गया है। इसके बारे में फर्म के ऑनर श्री बच्छराज बोथरा ने बताया कि कुछ बड़े व्यापारी मण्डियों में खरीददारी के लिए पिछली कॉन्फ्रेंस की तारीख से पहले ही निकल जाएंगे। इसके चलते इसमें परिवर्तन किया गया। अतः सभी व्यापारियों को हुए कष्ट के लिए क्षमा चाहते हुए उक्त दिनांक पर पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

**आभारी**

**बच्छराज बोथरा**

संतोष टेक्सटाइल एजेंसी
सुनीता टेक्सटाइल एजेंसी, **सिलीगुडी (प. बंगाल)**
**मो. 9434045814/7490045814**













## व्यापारियों को आगामी सीजन का इंतजार

**कोयम्बटूर / सुनील जैन**

बारिश का मौसम शुरू हो गया है और स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन भी लगभग समाप्त हो चुका है। इस बार स्कूल सीजन कुछ खास नहीं रहा और महंगाई के कारण अभिभावकों के पास बजट खर्च करने के लिए बहुत कम था इसका असर यूनिफॉर्म की सीजन पर पड़ा। यूनिफॉर्म कारोबार से जुड़े व्यापारी सीजन की तैयारी बहुत पहले से कर लेते हैं, ऐसा लगता है कि स्टॉक बहुत ज्यादा रह जाएगा। ट्रांसपोर्ट गोडाउनों में माल खचाखच भरा पड़ा है, बाकी कोई भी सीजन चले ना चले स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन पक्का चलता ही है लेकिन इस बार यह सीजन भी बहुत कमजोर रहा। लगता है आगे यह मंदी बहुत लंबी चलेगी, व्यापारी बंधुओं के लिए समझदारी यही रहेंगी कि खरीदी सोच-समझकर ही की जाए। वैसे भी सीजन कमजोर होने की वजह से पेमेंट पॉजीशन अच्छी नहीं है और आगे भी यह सुधरने जैसी नहीं लग रही है। आगे दशहरा, दिवाली की सीजन है जिस पर व्यापारियों की उम्मीद लगी हुई है।

## स्कूल यूनिफॉर्म और प्रिंट साड़ियों की डिमाण्ड अच्छी

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा...** बाजार में इस समय ग्राहकी ठीक चल रही है तथा आगे भी चलने की पूरी उम्मीद है। राजेन्द्रा क्लॉथ हाउस श्री जीतु शर्मा के यहां सूट एवं साड़ियां एक से एक डिजाइंस की ग्राहकी अच्छी हो रही है। महालक्ष्मी टेक्सटाइल एजेंसी श्रीमान मोदी जी भीलवाड़ा, बॉम्बे, सूरत, पाली, बालोतरा, ईचलकरंजी के प्रतिनिधियों को बुलाकर रिटेल बुकिंग करवा रहे हैं। उनमें साड़ियां, पोपलीन, ब्लाउज पीस की ग्राहकी अच्छी रही है। साड़ियों में प्रिंट, जरी एवं लहंगा, चुन्नी की डिमाण्ड सबसे ज्यादा रही है। विजयलक्ष्मी साड़ी शोरूम अटेंली श्रीमान पुरुषोतम अग्रवाल के यहां साड़ियां, सूट, पेंट-शर्ट इत्यादि माल अच्छा बिक रहा है तथा रेट फिक्स होने के कारण ग्राहकी अच्छी चल रही है। बंसल इम्पोरियम, नारनोल के यहां स्कूल यूनिफॉर्म की डिमाण्ड अच्छी चल रही है तथा प्राइवेट स्कूल की ड्रेस का कपड़ा अच्छा बिक रहा है। दिलावर टेक्सटाइल के यहां सूटिंग-शर्टिंग का काम अच्छा चल रहा है। बाजार में ग्राहकी अच्छी चलने से पेमेंट की आवक अच्छी देखने को मिल रही है।







Modella Brings The Warmth of *Lana* (wool) In Felt Shirting & Tweeds

Specially Designed & Developed by

**Italian Fashion House in MILAN (ITALY)**

modella®
Since 1965



TESUTE ELEGANZA
*Lana Felt Shirting Collection*



J. BALVIN
*Fine Lana Tweed Collection*

FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | E-mail : modella.wool@gmail.com




TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Tessitura Monti India Pvt. Ltd.
BORN IN ITALY 1911

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in


@TESSITURAMONTI.INDIA

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644 Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460

For Distributorship Enquiry In Unrepresented area : +91 97028 39191

# भरोसे की परम्परा SGS SUITING • SHIRTING की मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 बद्रीनाथ धाम का व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह




## 25 जुलाई से ऋषिकेश में होगा भव्य मेगा डिस्प्ले

मुंबई / सूटिंग-शर्टिंग एवं अपेरल ब्राण्ड एसजीएस एक बार फिर अपने व्यापारियों के लिए मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 का आयोजन 25 जुलाई 2024 से करने जा रही है। इस बार कंपनी ऋषिकेश में मेगा डिस्प्ले करते हुए व्यापारियों को देवप्रयाग, रूद्रप्रयाग, पीपल कोठी होते हुए बद्रीनाथ धाम के दर्शनों के साथ हरिद्वार एवं ऋषिकेश की यात्रा भी करवाएगी।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गणेशदास राठी ने बताया कि भारत देश हमेशा आस्थाओं का केंद्र रहा है। एसजीएस द्वारा पहले भी रामेश्वरम धाम, द्वारकाधीश धाम एवं जगन्नाथ पुरी धाम की यात्रा करते हुए अब इस वर्ष 4 रात एवं 5 दिन की बद्रीनाथ धाम की यात्रा करने का निश्चय किया है, जिससे व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। रिटेलर्स बढ़-चढ़कर इस मेगा कॉन्फ्रेंस में आने के लिए तैयार हो रहे हैं।

### आगामी सीजन हेतु मेगा डिस्प्ले

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि इस मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 के लिए कंपनी द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए अनेक डवलपमेंट पेश करेगी जो गंगा के किनारे ऋषिकेश में भव्य डिस्प्ले के साथ प्रदर्शित होगी। इस कॉन्फ्रेंस में सूटिंग-शर्टिंग एवं TR की रेंज में अनेक क्वालिटियों में नए-नए कलर चार्ट तैयार कर व्यापारियों के समक्ष पेश किए जाएंगें। इन सभी क्वालिटी में फील फाल एवं फिनिश का विशेष ध्यान देते हुए डिस्प्ले किया जाएगा।

### हमेशा नए संकल्प के साथ

विदित रहे की एसजीएस हमेशा कुछ नया करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ती है। कंपनी इस वर्ष अपनी 26वीं मेगा कॉन्फ्रेंस यात्रा 2024 करने जा रही है। कंपनी हर वर्ष अपने व्यापारियों के लिए नया डेस्टिनेशन चुनती आई है और बाजार द्वारा हर वर्ष इंतजार किया जाता है कि अब मेगा कॉन्फ्रेंस कहां होगी। इसी संकल्प को साथ लेते हुए कंपनी के साथ व्यापारी निरंतर जुड़ा रहता है और कदम से कदम मिलाकर साथ चलने के लिए तैयार रहता है।




अब बारिश को करो एन्जॉय, दाग धब्बों से डरे बिना। कैसे ?

Sparsh-Fab® UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS

भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है ? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करे।

इनोवेटिव फैब्रिक से!

3X COOL™

सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान

डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपडे को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.

एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह

एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।

चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध

एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना , दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.

स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है। अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान ३३ अंश होता है। ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते है, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है **3X COOL** यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल-मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है। इस कपडे में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती हैं, जिससे वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।

स्पर्श का यह कपड़ा **चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है**। विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।
नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो, नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें

फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98 20 20 79 53
74 20 02 40 89



D. BADAMI

## A Grand Unveiling at Novotel

# D Badami x Devam Enterprise Forest Collection Conference

**Mumbai**. In the ever-evolving world of textile innovation, D Badami and Devam Enterprise hosted a grand conference at the Novotel International Airport, Mumbai. Fuelled by the passion of young minds, D Badami has embarked on a journey to revolutionize men's shirting fabrics, unveiling seven groundbreaking creations that redefine comfort, style, and sustainability.

At D Badami, innovation isn't just a buzzword—it's a guiding principle. With each product launch, the Brand reaffirms their commitment to pushing boundaries, challenging norms, and crafting fabrics that resonate with the modern man. The Forest collection, unveiled at the conference, embodies their core values of innovation, creativity, and unparalleled quality.

The conference was an exclusive affair for their esteemed retailers from Gujarat and Maharashtra. It was an opportunity for them to witness firsthand the meticulous craftsmanship and groundbreaking designs that D Badami is known for. Inspired by the untamed beauty of nature, D Badami's latest collection, 'Forest,' is a celebration of the wilderness that surrounds us. Each design intricately weaves elements of the natural world into its tapestry, from the vibrant hues of the jungle to the serene tranquility of the forest floor. By seamlessly integrating nature-inspired motifs into their garments, D Badami bridge's the gap between fashion and environment, offering wearers a unique opportunity to connect with the world around them. At D Badami, designs aren't just about aesthetics—they're a testament to the boundless inspiration that nature provides.

This remarkable event was the brainchild of D Badami Fashion Connection and Nitin Doshi of Devam Enterprise, whose innovative ideas and flawless execution made it a memorable experience for all attendees. As the brand looks ahead, they remain steadfast in their mission to innovate, inspire, and deliver the finest fabrics that redefine men's fashion.


















## Unforgettable Moments in Pattaya

# D Badami x Devam Enterprise Exclusive Customer Trip

**Pattaya**. Following the success of Forest collection launch at the Novotel International Airport, Mumbai, D Badami and Devam Enterprise treated 35 of their valued customers to an unforgettable trip to Pattaya, Thailand. This exclusive getaway was a token of appreciation for their continued support and loyalty.

Organized by D Badami Fashion Connection and Nitin Doshi of Devam Enterprise, the trip was meticulously planned to ensure all customers had an experience of a lifetime. Pattaya, known for its beautiful beaches, rich cultural heritage and vibrant city, provided the perfect backdrop for our guests to relax, explore, and enjoy.

From the moment they arrived, the customers were immersed in the beauty and excitement of Pattaya. They enjoyed a variety of activities, including beach outings, water sports, and cultural tours. The trip was a perfect blend of leisure and adventure, offering something for everyone.

One of the highlights of the trip was a gala dinner by the beach, where the customers mingled, shared their experiences, and forged stronger relationships with each other and with D Badami x Devam Enterprise. The ambiance, the food, and the camaraderie made it a night to remember.

Throughout the trip, the customers expressed their appreciation for the meticulous planning and the thoughtful touches that made their experience special. The joy and satisfaction on their faces were a testament to the success of the trip.

D Badami, believes in building lasting relationships with customers. This trip to Pattaya was not just a holiday; it was an opportunity for them to connect with the customers on a personal level, understand their needs and preferences better, and show them how much they value their association. They are committed to deliver experiences that go beyond business, creating memories that customers will cherish for years to come.

















# ऋषभ वर्ल्ड के प्रीमियम ब्राण्ड ITALIAN CHANNEL की पहली कॉन्फ्रेंस का बेहद सफल आयोजन

**मुम्बई** / देश के प्रमुख टेक्सटाइल उद्योग समूह हाउस ऑफ ऋषभ वर्ल्ड के ब्राण्ड 'इटालियन चैनल' की पहली ऑटम विण्टर बुकिंग कॉन्फ्रेंस विगत दिनों गोवा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। टीआर फैब्रिक उत्पादन में यह ब्राण्ड किसी परिचय का मोहताज नहीं। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी के रिटेलर्स, डीलर्स एवं एजेंट्स सहित कंपनी के प्रमुख चैनल पार्टनर्स ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान कंपनी द्वारा फाइनेस्ट फैब्रिक तथा कंपनी द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए डिजाइंस एवं ट्रेण्डिंग प्रिण्ट के साथ ही नई एवं आकर्षक वस्त्र शृंखला व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। व्यापारियों ने कम्पनी द्वारा प्रदर्शित इन उच्च स्तरीय डिजाइंस का अवलोकन किया और बुकिंग कराई। व्यापारियों ने आयोजित विभिन्न प्रॉडक्टिव सेशंस का लाभ उठाने के साथ ही Chaos Control Cafe द्वारा प्रसिद्ध चाय और टोस्ट का आनन्द लिया।



## अवॉर्ड शो एवं गाला नाइट

ढलती शाम के साथ पुरस्कार वितरण एवं गाला नाइट कार्यक्रम व्यापारियों के लिए बेहद खास था। ऋषभ वर्ल्ड के चेयरमैन एवं संस्थापक श्री रमेश जैन के साथ ही कंपनी के डायनामिक मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ऋषभ जैन के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आरजे गौरव ने किया।

इस आयोजन में कम्पनी के बिजनेस हेड (ब्राण्ड्स) श्री राजेश सिंह ने ऋषभ वर्ल्ड की विरासत एवं ऑरिजनल टीआर ब्राण्ड की अभूतपूर्व यात्रा का मंचन किया। इसके बाद 'इटालियन चैनल' के सेल्स हेड श्री मनोज दरक ने ब्राण्ड से जुड़ी यादें साझा की।

कुछ पुरस्कार एवं प्रशंसाएँ हमें सफलता के नये लक्ष्य की ओर अग्रसर करती है। इसी सोच के साथ कंपनी प्रबंधन द्वारा आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में आमंत्रित सभी रिटेलर्स, डीलर्स एवं एजेंट्स ने मनोरंजन के साथ इस मनमोहक शाम एवं रात्रिभोज का लुत्फ उठाया। सभी व्यापारियों ने कंपनी प्रबंधन, सेल्स मार्केटिंग एवं डवलपमेंट टीम के इस अथक प्रयास की सराहना की एवं इसे सफल बनाया।

## युवाओं को फैशन फैब्रिक्स की फील देता है










## ऋषभ वर्ल्ड परिचय-

ऋषभ वर्ल्ड टेक्सटाइल और गारमेंट निर्माता कंपनी है। जिसकी स्थापना सन् 1999 में 95 वर्षों की समृद्ध विरासत के साथ हुई थी। 4300 से अधिक रिटेलर्स के साथ 750 से अधिक शहरों और 32 से अधिक देशों में फैले ऋषभ वर्ल्ड की ताकत दुनिया की सर्वोत्तम फैब्रिक एवं गारमेंट फेक्ट्रीज तक विस्तारित है। पूरे भारत के विभिन्न प्रीमियम ब्राण्ड और मिलों के लिए यह एक ग्लोबल सोर्सिंग पार्टनर है।

RISHAB WORLD

## हटकर दिखने के लिए Italian Channel की नई रेंज है बेहतर

### मुख्य आकर्षण का केन्द्र

इस कॉन्फ्रेंस में ब्राण्ड के तहत तीन आकर्षक कैटलॉग लॉन्च किए। जिसकी डिजाइंस देख व्यापारी काफी उत्साहित नजर आए।

**Lovemate**

बेस्ट सूट, जैकेट्स और फॉर्मल डिजाइंस के समावेश के साथ फैशन ट्रेंडिंग कलर्स की झलक ने इस कैटलॉग को उत्कृष्ट बना दिया।

**Festivo & Parampara**

यह कैटलॉग एथनिक डिजाइंस के लिए व्यापक विकल्प प्रदान करता है। इण्डो-वेस्टर्न परिधान और स्टाइलिश टक्सिडो डिजाइंस एवं उनके पैटर्न का समावेश इसे और अधिक आकर्षक बनाता है।



## सम्पादकीय....

# संघर्ष तो अकेले ही करना पड़ता है, काफिला तो अपने-आप जुड़ता है




'सफलता परिश्रम के अधीन होती है।' इस कथन में कितनी सत्यता है? यह तो संकल्पित होने पर ही पता चलता है, चाहे वह फिर कोई भी क्षेत्र क्यों न हो। हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के T-20 वर्ल्ड कप की विजय पताका यही दर्शाती है।

शायद! किसी ने सही कहा है कि संघर्ष तो अकेले ही करना पड़ता है, काफिला अपने-आप जुड़ता चला जाता है। इस विजय यात्रा के सेनापति कप्तान रोहित शर्मा के सान्निध्य में मिली इस विजय का श्रेय पूरी टीम को देना सर्वथा उचित होगा। कप्तान रोहित शर्मा द्वारा इस ऐतिहासिक जीत को विदेशी पिच पर दर्ज करना और वहाँ की माटी को मस्तक पर लगाना भारतीय संस्कृति और संस्कार का अनूठा उदाहरण है। यह जीत एक महत्त्वपूर्ण संदेश देती है कि अपने कर्म को पूर्ण तन्मयता के साथ अपना श्रेष्ठतम देना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। यह सोच हमें हमेशा यह प्रेरणा देती है कि श्रेष्ठतम टीम लीडर वही होता है जो जीत का श्रेय हमेशा टीम को दे और हार स्वयं स्वीकार करे। ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के प्रतिउत्तर में रोहित की कप्तानी में मिली यह जीत सदा अविस्मरणीय रहेगी।

वहीं टीम के अग्रणी सारथी विराट कोहली ने इस विजय के बाद संबोधन में कहा कि यदि सफलता प्राप्त करनी है तो हमें लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। फिर चाहे, जो भी परिणाम हो? इस पूरे वर्ल्ड कप के दौरान हुए अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर एकाग्रता से विचार किया जाए, तो शायद महसूस होगा कि हम तो कुछ कर ही नहीं रहे हैं। परंतु बिना परिश्रम किये इस भाव को मान लेना गलत होगा। टीम के दोनों अग्रणी महारथियों की यह प्रेरणा भारतीय सनातन का परिचय देती है और देश के सभी युवा भाइयों को लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहने का उत्साह दिलाती है। इस T-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ के निर्देशन में प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना श्रेष्ठतम दिया। टेक्सटाइल वर्ल्ड इस आलेख के साथ टीम को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है!

## कुछ नया, कुछ अलग •

# यात्रा - अनुभवों की गठरी और यादों का बक्सा



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

आज हम एक नए विषय की ओर अपने संवाद को लेकर जाएंगे। हम बात करेंगे यात्रा - प्रवास के विषय पर। हमारे शास्त्रों में लिखा है - चरैवेति चरैवेति...यात्रा कैसे आपके क्षितिज को व्यापक बनाती है और आपके जीवन को बदल देती है यह अनुभूति हम सभी ने अपने जीवन में की होगी।

यात्रा केवल नए-नए स्थल पर जाकर मजे करना और खाना-पीना इतने तक सीमित नहीं है। यह एक परिवर्तनकारी अनुभव है जो हमें एक संपूर्ण व्यक्ति बनाता है। यात्रा हमारी विश्वदृष्टि विकसित करती है, हमें विविध संस्कृतियों से परिचित कराती है और अद्वितीय जीवन के अनुभव प्रदान करती है। यात्रा हमें विविधता का अनुभव देती है और ये अनुभव हमारी सहिष्णुता को बढ़ावा देता है।

यात्रा मानवता के समृद्ध ताने-बाने के लिए आपकी आँखें खोलती है। विभिन्न पृष्ठभूमि, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण वाले लोगों से जुड़ना आपके क्षितिज को व्यापक बनाता है, करुणा और समझ को बढ़ावा देता है। यह हमारे पूर्वाग्रहों को तोड़ता है, स्वीकृति देता है और सहानुभूति को प्रोत्साहित करता है। प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से, हम सीखते हैं कि हमारे अंतर ही दुनिया को सुंदर और परस्पर जुड़े हुए बनाते हैं।

वैसे तो जीवन की यह यात्रा चलती रहती है लेकिन ऐसी यात्रा जो हमारे विचारों का विस्तार कर सकें वह अत्यंत अलौकिक होती है। अपरिचित जगह को देखना, उस जगह से जुड़ी हुई हर नई चीज को जानना हमें अलग बनाता है। किसी महापुरुष ने सही कहा है कि दुनिया एक पूरी किताब है और जो लोग यात्रा नहीं करते हैं वे केवल एक पृष्ठ पढ़ते हैं। यात्रा दुनिया के छिपे हुए र|ों को खोजने का मौका देती है, चाहे वे निकट हों या दूर। अपनी दैनिक दिनचर्या से बाहर निकलकर, हम खुद को लुभावने परिदृश्यों, मनोरम इतिहास और अद्वितीय प्राकृतिक अजूबों के बीच पाते हैं। यात्रा रोज़मर्रा की ज़िंदगी से हटकर हमें उस विशाल सुंदरता और रोमांच की याद दिलाती है जो हमारे दरवाज़े के बाहर हमारा इंतज़ार कर रही है।

यात्रा करना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसमें आप कम्फर्टेबल हैं, अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलना पड़ता है। यह कुछ ऐसा है जो हम रोजाना करते हैं। यात्रा के दौरान हम जो यादें जमा करते हैं, वे हमारे जीवन को समृद्ध करने वाले ख़ज़ानें हैं। चाहे वह किसी प्राचीन समुद्रतट पर सूर्योदय देखना हो या पसंदीदा फूड का ज़ायका लेना हो, ये अनुभव हमारे दिलों में बस जाते हैं। ऐसे पल छोटी-छोटी खुशियों के लिए हमें प्रेरित करते हैं, हमें कृतज्ञता सिखाते हैं और हमें समय की क्षणभंगुर प्रकृति की याद दिलाते हैं।

यह पूरी दुनिया अद्भुत जगहों से भरी हुई है। हमें बस समय निकालना है इन सारी जगह को आत्मसात करने के लिए। हमें अपने-आप को भी नरिश करना चाहिए। नए विचारों के लिए, नई अनुभूतियों के लिए। जैसे-जैसे हम ट्यूर में जाते हैं और वहाँ के स्थानीय लोगों से जुड़ते हैं, हम उन साझा मानवीय अनुभवों को खोजते हैं जो हम सभी को एकजुट करते हैं। ये संबंध हमें याद दिलाते हैं कि हम एक वैश्विक समुदाय का हिस्सा हैं, जो हमारी सामान्य मानवता से जुड़े और बंधे हुए हैं।

यात्रा एक अविश्वसनीय शिक्षक है, जो हमारे दृष्टिकोण का विस्तार करती है, जुनून को प्रज्वलित करती है और हमारे जीवन को नए ज्ञान से भर देती है। जैसे-जैसे हम अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हैं, यात्रा को अपना मार्गदर्शक और निरंतर साथी बनने दें, हमारे जीवन को समृद्ध करें और दुनियाभर के अच्छे अनुभवों की यादें बनाये। मैं तो अपने अनुभव से इतना ही कहूँगा

**मुसाफिर हूँ यारो, न घर है, न ठिकाना,**
**मुझे चलते जाना हैं.... बस चलते जाना हैं।**
**एक राह रूक गई तो और जुड़ गई**
**मैं मुड़ा तो साथ-साथ राह मुड़ गई**
**हवा के परों पे मेरा आशियाना....**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# पावरलूम बिजली सहूलियत की सिर्फ घोषणा नहीं : अध्यादेश निकालें

कोल्हापुर/ राहुल खाड़े

विगत पाँच वर्षों से पावरलूम बिजली सहूलियत की चर्चा चल रही है। पावरलूम बिजली सहूलियत की घोषणा नहीं उसके लिए अध्यादेश निकालकर जुलाई के बिजली बिलों में सहूलियत की रकम कम करके की घोषणा का अमल किया है, ऐसी भावना पावरलूमधारकों में है। मुख्यमंत्री, वस्त्रोद्योग मंत्री, विधायक आदि ने कई बार 27 अश्वशक्ती के ऊपरवाले और नीचेवाले पावरलूमधारकों के लिए बिजली सहूलियत देने की घोषणा बार-बार की है लेकिन उस पर अमल अब तक नहीं हुआ है, जबकि दो माह पहले बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई है लेकिन बिजली बिल कम नहीं हुआ है।

राज्य सरकार ने बिजली बिल कम करने का अध्यादेश निकाला, लेकिन उसमें कई कड़ी शर्त लगाने के चलते उसका एक भी पावरलूमधारक को मुनाफा नहीं हुआ है। यह सीधा-सीधा पावरलूमधारकों को फँसाने जैसा है। किसी भी शर्त के बगैर बिजली बिल में अतिरिक्त सहूलियत दे ऐसी मांग पावरलूमधारकों ने की है। इस बीच विधानसभा अधिवेशन में मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने इस शर्त को हटाने की घोषणा की है, लेकिन जबतक अध्यादेश नहीं निकलता और बिजली बिल से अतिरिक्त बिजली सहूलियत की रकम कम नहीं होती तबतक पावरलूमधारकों को इसका कुछ लाभ नहीं होगा। ऐसे में घोषणा करने के बजाए प्रत्यक्ष सरकार ने बिजली बिल में सहूलियत देकर वह बिल का वितरण करें और पावरलूमधारकों को दिलासा दे, ऐसी मांग इचलकरंजी परिसर के पावरलूमधारकों की ओर से की जा रही है।




**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

टेक्सटाइल उद्योग जगत के सर्व लोकप्रिय समाचार-पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड को अपनी सफलता के 26 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टेंडर्स (कैट) की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं... आपने सदैव व्यापार जगत के वस्त्र उद्योग को हमेशा नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई ...... इसी तरह आप निरंतर आगे बढ़ते रहें.........

**अशोक दौलतानी, प्रदेश सचिव, कैट**



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार-पत्र अपने 26 साल की यात्रा पूर्ण करके 27वें साल में प्रवेश कर रहा है। आपने समाचार-पत्र के माध्यम से कपड़ा उद्योग के नए-नए आयाम को जिस तरह समाज के दर्पण के रूप में प्रेषित किया है वह बधाई के पात्र हैं और साथ-साथ योगेंद्र जी शर्मा जिनका संपादन अपने-आप में अलग होने के कारण व्यापारियों के बीच में अपनी पकड़ मजबूती से बनाए हुए हैं इसके लिए आपको हृदय से साधुवाद देता हूँ और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। आप इसी तरह समाज में दर्पण के रूप में अपना योगदान देते रहेंगे और कपड़ा जगत में अपनी एक नई पहचान बनाए रखेंगे, आपको बहुत-बहुत बधाइयाँ! सर्वसमाज अध्यक्ष एवं प्रिंटर संगठन की तरफ से भी बधाई।

**संजय शाह, दैनिक 'नेजा' सांध्य समाचार**


## अगस्त से भारी व्यापार की संभावना....

पृष्ठ 1 का शेषांश

आसपास के बाजार में अनेक व्यापारीक प्रतिनिधि दिल्ली की सीमा पर स्थित खुदरा बाजार में कपड़ा बेच जाते हैं। इससे भी दिल्ली बाजार में व्यापारियों का आवागमन और कारोबार प्रभावित हुआ है। जानकारों का कहना है कि गत पखवाड़ा भी सूटिंग-शर्टिंग में मांग कमजोर रही। सिंथेटिक और वैवाहिक साड़ियों में भी कोई ग्राहकी नहीं थी लेकिन लेडीज सूटों में सीमित मांग रही। कॉटन आइटमों में सीमित मांग बनी रही लेकिन व्यापारी इससे संतुष्ट नहीं हैं। व्यापारियों का कहना है कि सिंथेटिक सूटिंग की मांग कमजोर बनी रही, हालांकि स्कूल यूनिफॉर्म में सीमित मांग रही। मिलें आगामी सीजन के लिए बुकिंग आदि की योजना बना रही हैं। दरेमंड, ग्राडो, डोनियर आदि के रेग्युलर आइटम बाजार में आ रहे हैं। वैवाहिक सीजन सामने नहीं होने से कॉम्बों पैकिंग का उठाव नहीं है जबकि लिनन की सीमित मांग है। शर्टिंग, कॉटन, खादी एवं सिंथेटिक साड़ियों में सीमित मांग नजर आई, लेकिन अच्छी ग्राहकी का व्यापारियों को इंतजार है। भारी साड़ियों की मांग अब सिमटती जा रही है लेकिन लहंगा, चुनरी, वैस्टर्न ड्रेसों की सीमित मांग बनी हुई है।

# YARN RATES
## यार्न रेट्स 05 जुलाई, 2024

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 215 |
| 2/18 Dyed | 180 |
| 2/40 Dyed | 205 |
| 2/30 Frosted | 215 |
| 2/30 Dyed Slub | 215 |
| 2/30 School Dress Clourer | 215 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 150 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 160 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 156 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 168 |
| 1/15 Poly Black | 107 |
| 20 PV Black | 144 |
| 15 PV Black | 138 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | | | |
|---|---|---|---|
| **TEXTURISE** | | | |
| 150 | Roto | Grey. | 118-158 |
| 150 | Roto | Black. | 125-167 |
| 150 | Roto | Bright. | 138-158 |
| 150/250 | | grey. | 131-178 |
| 150/250 | | dyed | 146-199 |
| 150 FDY. | | | 141 |
| **P.V. Yarn** | | | |
| 2/20 Grey CL | | | 132 |
| 2/40 POLY | | | 185 |
| 2/15 Poly Grey | | | 126 |
| 2/20 Poly CL | | | ----- |
| 20 Poly CL | | | 122 |
| **Cotton Yarn** | | | |
| 4 cone OE | | | 64-105 |
| 6 cone. OE | | | 71-155 |
| 10 cone OE | | | 94-200 |
| 2/4 cone OE | | | 93-159 |
| 2/6. OE | | | 95-172 |
| 2/8 OE | | | 98-174 |
| 2/10 OE. | | | 112-217 |
| 2/20 OE. | | | 226-287 |
| 2/30 RF. | | | 307-419 |
| 2/40 RF | | | 301-403 |
| **STAPLE YARN** | | | |
| 10 CONE | | | 196 |
| 15 CONE | | | 202 |
| 20 CONE | | | 208 |
| 2/15 CONE | | | 214 |
| 2/40 CONE | | | 265 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 168 |
| 2/24 Poly Grey@ | 174 |
| 2/30 Poly Grey@ | 182 |
| 2/40 Poly Grey@ | 206 |
| 2/60 Poly Grey@ | 266 |
| 2/76 Poly Grey@ | 326 |
| 2/30 PV Black @ | 228 |
| 2/40 PV Black @ | 271 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 251 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 148 |
| 2/30 P/V | 176 |
| 1/30 P/V | 156 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 121 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 202 |
| 2/30 PV | --- |
| **Mahabir** | |
| 15 PV | --- |
| 20 PV | --- |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 215 |
| 2/60 PVT | 215 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/80 PC Combed | 320 |
| 2/76 Polyster | 375 |
| 2/60 P.V. | 265 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 187+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 186+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES
9414111656
Triveni Spinning

| | |
|---|---|
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 148 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 180 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 215 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 145 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 151 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 158 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 164 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 180 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 126 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 146 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 200 |
| 2/30 100% Viscose@ | 220 |
| 2/40 100% viscose@ | 255 |

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com
Raghav Agency Trident Ltd.

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 162 |
| 1/14 OE | 172 |
| 1/16 OE | 176 |
| 1/20 OE | 202 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CWC | 278 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 325 |
| 50 CW COMPACT | 395 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 155 |
| 1/20 POLY 100% | 145 |
| 1/15 POLY 100% | 140 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 198 |
| 2/18 P/V BLACK | 175 |
| 2/30 P/V BLACK | 238 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 168 |
| 10 OE | 180 |
| 10 LYCRA | 255 |
| 10 SLUB LYCRA | 275 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv grey yarn** | |
| 2/60 pv | 260 |
| 2/40 pv | 206 |
| 2/30 pv | 188 |
| 2/30 pv | 186 |
| 20 pv | 162 |
| 15 pv | 156 |
| **Mill tfo pv** | |
| 2/40 | 210 |
| 2/30 | 194 |
| **Poly virgin** | |
| 2/40 | 188 |
| 2/30 | 164 |
| 2/20 | 153 |
| 15 | 136 |
| 10 | 132 |
| **Recyed yarn mill tfo Pv yarn.** | |
| 2/40 | 192 |
| 2/30 | 175 |
| **Poly mill tfo recycled** | |
| 2/40 | 170 |
| 2/30 | 145 |
| 15 | 113 |
| 2/45 poly magic | 165 |
| 2/40 pv eli weft use | 164 |
| 2/30 pv black 75/25 | 178 |

All yarn cd 1 rs kg
+12% gst
NO CLAIM IN FABRIC STAGE

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )
Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 235 |
| 2/40 pv - | 180 |
| 2/30 pv - | 155 |
| 2/24 pv - | 149 |
| 2/20 pv - | 145 |
| 2/15 pv - | 135 |
| **100% poly** | |
| 2/76 - | 275 |
| 2/60 - | 230 |
| 2/40 - | 178 |
| 2/30 - | 156 |
| 2/24 - | 152 |
| 2/20 - | 147 |
| 2/15 - | 143 |
| **Recycled pv 70/30*** | |
| 2/30 pv - | 158 |
| **Recycled poly** | |
| 2/40 - | 159 |
| 2/30 - | 137 |
| 2/20 - | 131 |
| 2/15 - | 125 |
| **PC YARN 65:35** | |
| 2/40 COMBED - | 235 |
| 2/30 COMBED - | 195 |
| 2/30 CARDED - | 200 |
| 14 PC VIRGIN 65/35 | -141 |
| 14 PC OE 50/50 - | 134 |


**समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।**
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
GOVINDAM COMMERCIAL COMPLEX
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001


# उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल



उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मुजफ्फरनगर की 30 जुलाई, 2024 को बैठक एस. डी कॉलेज मार्केट के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल एवं संचालन नगर महामंत्री श्री प्रवीण खेड़ा जी द्वारा की गयी। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्री अशोक कंसल ने कहा कि सदन के अंदर प्रतिपक्ष के नेता ने बयानबाजी करते हुए हिंदू समाज को हिंसक कहकर अपमानित करने का काम किया है। हम सभी इस प्रकरण की घोर निंदा करते हैं। श्री कंसल ने कहा कि हिंदू समाज तो वृक्षों को देवता मानता है, बहती हुई नदियों को माता का नाम लेकर संबोधित करता है और तो और हिंदू समाज चीटियों की भी पूजा करता है। हिंदू समाज को हिंसक शब्द से संबोधित करना अत्यंत अपमानजनक है, जबकि हिंदू समाज सबके सुख की कामना करता है।

## 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित दुःख भाग्भवेत्'

नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने कहा कि आने वाले दिनों में महाशिवरात्रि और मुहर्रम त्योहार आने वाले हैं। सभी धर्म मिलकर और सुख शांति से अपने त्योहारों को खुशीपूर्वक मनाए। बैठक के अंत में हाथरस में हुए बाबा साकार नारायण विश्वहरि के सत्संग में उपस्थित भीड़ में भगदड़ मच जाने के कारण जो लोग घायल हुए हैं उनके लिए उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हैं एवं दिवंगत होने वाली आत्माओं के प्रति मोक्ष एवं शांति की ईश्वर से कामना करता हैं एवं परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि इस प्रकार की दुर्घटना भविष्य में ना हो। अंत में 2 मिनट का मौन रखकर सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री सूरत सिंह वर्मा, राकेश गर्ग, दिनेश बंसल, सभासद हिमांशु कौशिक, सुलखन सिंह नामधारी, योगेश भगत, विजय तागरा, प्रियांशु जैन पूर्व सभासद, श्रीमती अलका शर्मा, पूनम शर्मा पूर्व सभासद, अंजू शर्मा, अमिता चौधरी, श्रीमती अनीता, दिनेश गिरी, अनुराग, ओमप्रकाश धीमान, राकेश कंसल, अजय गुप्ता, अचिन कंसल, अशोक छाबड़ा, शलभ गर्ग,विजय सिंधी, चिंटू जैन, अनिल छाबड़ा, मनीष, कशिश गोयल, दीपक छाबड़ा, श्रवण अग्रवाल, संजीव गोयल, शोभित गुप्ता सभासद्पति, प्रमोद जैन आदि व्यापारी बंधु शामिल रहें।

### सीमित कारोबार

मुज्जफरनगर सहित समूचे पश्चिमी उत्तरप्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। छुटपुट लग्न-सावा मुहूर्त है, कोई बड़ा त्योहार नहीं है, किन्तु मानसून में लग्न-सावा मुहूर्त होने के बाबजूद भी इधर शादियां कम है। इस कारण कामकाज सीमित दायरे में ही चल रहे हैं। सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, लेड़ीज़ सूट, फैंसी ड्रेस, हैंडलूम, रेडीमेड गारमेण्ट के प्रत्येक सेगमेंट में ग्राहकी मध्यम है, मध्यम ग्राहक से पेमेंट आने में देरी हो रही है। जबकि थोक विक्रेता को एमएसएमई की नई धारा को ध्यान में रखना पड़ रहा है। कपड़ा मार्केट्स अभी मानसून में कुछ समय और मध्यम अथवा कमज़ोर रहने की आशंका है। यद्यपि टॉप काउंटर्स पर कामकाज ठीक है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, इन्द्र सुनेजा, भँवर लाल आदि के अनुसार अभी कामकाज में उत्साह का माहौल नहीं है।

# पावरलूम उद्योग पर संकट

पानीपत / अशोक शर्मा/अभिषेक शर्मा

पानीपत हैण्डलूम की ऐसी मण्डी है जिसका नाम तो पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, क्योंकि यहां का बना हुआ माल पूरे विश्व में जाता है। यहां की मण्डी सरकार को विदेशी मुद्रा कमा कर देती है परंतु सरकार यहां के उद्योगपतियों की समस्याओं को नहीं देखती। पानीपत में बिजली संकट हमेशा ही बना रहता है और यहीं कारण है कि यहां का पावरलूम उद्योग भी भारी संकट का सामना कर रहा है। इसी प्रकार जो छोटी-छोटी फेक्ट्रियां है या डाईडहाउस है उनका भी बुरा हाल है। संबंधित विभागों में कोई सुनवाई नही है, बल्कि विभागीय अफसर व कर्मचारी कोई न कोई कमी निकालकर उद्योगपतियों को परेशान करते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे सरकार नाम की कोई चीज ही न हो। हालांकि, विगत लोकसभा चुनावों में सरकार को अच्छा झटका लगा है फिर भी पानीपत के उद्योगपतियों ने मोदी जी के नाम पर वोट दे दिए और लोकसभा की सीट बच गई। एक वरिष्ठ उद्योगपतियों ने तो यहां तक कह दिया कि एक व्यक्ति 10 सालों तक मुख्यमंत्री रहा हो और उसे लोकसभा को चुनाव जीतने में इतना संघर्ष करना पड़ा हो तो, उन्हें आम जनता की नाराजगी को समझना चाहिए और समस्याओं का समाधान करवाना चाहिए। हम कहने को तो उद्योगपति है, मगर हमें अपनी लेबर के साथ खूद को भी मजदूर बनना पड़ता है इतनी मेहनत के बावजूद भी हमें कोई सुविधा नहीं- कहने को हम करदाता है- विविध प्रकार के टेक्स देते है, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं मिलता। यदि सरकार ने इस तरफ ध्यान न दिया तो उद्योग तो ठप्प होंगे ही।

पृष्ठ 26 का शेषांश

## मांग बढ़ने से कॉटन यार्न...

बढ़ाने में होगा। पावरलूम इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन सुधरने से स्थानीय स्तर पर कॉटन यार्न की मांग को मजबूती मिली है और यार्न के भाव बढ़े हैं। अब लूमों पर उत्पादन क्षमता बढ़कर 70 प्रतिशत के करीब पहुंचने से कॉटन यार्न तथा पॉलिएस्टर यार्न की मांग को बल मिलने लगा है, लेकिन यार्न की निर्यात मांग नहीं बढ़ने और एक सीमित दायरे में रहने से स्पिनिंग इकाइयों के लिए स्थितियां थोड़ी असहज हो सकती है। परंतु जानकारों का कहना है कि सिर्फ स्थानीय मांग के सहारे स्पिनिंग इकाईयों के लिए प्रॉफिट मार्जिन बनाए रखने में कठिनाई हो सकती है। यद्यपि मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन एक निश्चित दायरे में हो रहा है, ताकि संतुलन बना रहे।

कॉटन यार्न, पीवी हो या पीसी अथवा रोटों इनके भाव में स्थिरता का अभाव है। इनके भाव कभी थोड़ा नरम हो जाते है, तो कभी उतना ही बढ़ जाते हैं। इस तरह यार्न के भाव में एक अंतराल के बाद होते उतार-चढ़ाव से बुनकरों की यार्न खरीदी पर बुरा असर पड़ता है। विशेषकर छोटे बुनकरों के लिए ऐसी स्थिति में कपड़ों की लागत को स्थिर रखने में कठिनाई होती है। जिस तरह से आगे की सीजन के लिए मिलों से लेकर पावरलूम इकाइयों में उत्पादन की पुरजोर तैयारियां की जा रही है, उससे नहीं लगता है कि कॉटन यार्न, पीवी अथवा पीसी यार्न की मांग कम हो सकती है। उचित भाव पर यार्न की आपूर्ति होती रही तो यार्न की खपत और उत्पादन दोनों पर सकारात्मक असर होगा।

## भूल ना जाना ०४९

RISHAB WORLD



# शंकर नाग

(१९५४ - १९९०)

कन्नड़ भाषा के आइकोनिक व टी. वी. स्टार **शंकर नाग** ने **तेज रफ्तार** से अपनी **छोटी** सी जिंदगी जी । कन्नड़ के **कोंकणी ब्राह्मण** परिवार में जन्मे **शंकर नाग** ने तारदेव क्षेत्र में रहकर कॉमर्स में **लाला लाजपत राय कॉलेज** मुम्बई से ग्रेजुएशन किया।

बेहतरीन नैननक्श के धनी **शंकर नाग** ने आजीविका चलाने हेतु बैंक में पार्ट टाइम नौकरी की और एक्टिंग की प्रेक्टिस भी जारी रखी।

उन्होंने मराठी व इंग्लिश ड्रामा में भाग लेकर दोनों में बेस्ट एक्टर ट्रॉफी हासिल की। इसके बाद इनके बड़े भाई **अनन्त नाग** ने **कन्नड़ भाषा** में अपनी किस्मत आजमाने को कहा, जहाँ उनकी पहली फिल्म **ओंडानोंडु कालाडल्ली** ( एक समय की बात है) ने उन्हें रातोंरात सुपर स्टार बना दिया और इसके लिये कई मंचों पर उन्होंने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता।

12 वर्ष के अल्प समय में बतौर **कराटे किंग** प्रसिद्धि पाने के बाद **शंकर नाग** अत्यन्त शक्तिशाली एक्टर, डायरेक्टर, स्क्रीन राइटर और प्रोड्यूसर के रूप में स्थापित हो गए। **कन्नड़ फिल्म** इण्डस्ट्री उनकी स्पीड से प्रभावित थी।

सन् 1986 में **शंकर नाग** ने प्रसिद्ध टीवी सीरियल **मालगुड़ी डेज** को हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में प्रसारित किया, जो आर. के. नारायण की कहानियों पर आधारित था ।

**शंकर नाग** बहु आगामी व्यक्तित्व के धनी थे । वे **कर्नाटक में निर्माण** के विभिन्न विषयों से जुड़े हुए थे और निम्न मामलों में खोजपूर्ण व्यक्ति रहे-

-
• बैंगलोर के निकट नन्दी हिल्स पर रोप वे का निर्माण
- बैंगलोर के लिए मेट्रो ट्रेन
• न्यूनतम मूल्य में 8 दिन में तैयार होने वाले आवास
- कला व ड्रामा के लिए थिएटर निर्माण

30 सितम्बर 1990 को सवेरे कर्मयोगी **शंकर नाग** का निधन कार एक्सीडेण्ट में दावणगेरे कस्बे के निकट हो गया ।

# टेसीटुरा मोंटी का लेटेस्ट कलेक्शन जापान में पेश



**बेंगलुरु/** लग्जरी प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में विश्व की अग्रणी कंपनी टेसीटुरा मोंटी इंडिया प्रा. लि. ने अपने लेटेस्ट फैब्रिक कलेक्शंस जारी कर दिए है, जिनका विभिन्न देशों में प्रजेंटेशन किया जा रहा है।

TESSITURA MONTI INDIA

विगत दिनों टेसीटुरा मोंटी के चेयरमैन श्री जोधराज एवं क्रिएटिव डायरेक्टर सुश्री ईशा राज ने जापान का दौरा किया। इस बिजनेस ट्रिप में श्री जोधराज ने जापान के गारमेंट ब्राण्ड्स से मुलाकात कर उनके समक्ष टेसीटुरा मोंटी द्वारा तैयार लेटेस्ट कलेक्शन प्रस्तुत किया। 100% गीजा कॉटन, कॉटन लिनन एवं प्योर लिनन फैब्रिक्स में यार्न डाईड, Jacquard, प्रिंट्स आदि में लेटेस्ट कलेक्शन प्रस्तुत किया, जिसे जापानी ब्रांड्स काफी पसंद किया।


**प्रस्तुत नीचे फोटो में Flex ब्राण्ड की टीम के साथ। बायें Ajabu Brand की परचेज मैनेजर के साथ।**





मधुर स्मृति में

नमन उस कर्मयोगी को,
जिन्होंने हमारे भविष्य की नींव रखी,
आज और आने वाले कल को बुलंद किया,
और उसे सुनहरा बनाने की राह दिखायी।



कर्मयोगी श्री विश्वनाथ जी अग्रवाल
संस्थापक - डोनियर ग्रुप ऑफ कंपनीज
(July 10, 1938 - Nov 28, 2018)

अग्रवाल (जाजोदिया) परिवार, मित्र एवं कार्य के सहकर्मी
— डोनियर ग्रुप —
DONEAR OCM GRADO MAYUR GRAVIERA
Apparels Brand
D'Cot NXG

# यूनिफॉर्म एवं फैन्सी फैब्रिक में शुमार एजेन्सी

# भैरव सिन्टेक्स



श्री महेन्द्र जैन



श्री हर्ष जैन

भीलवाड़ा/ विगत 27 वर्षों से एजेंसी सेगमेंट में शुमार फर्म भैरव सिन्टेक्स यूनिफॉर्म फैब्रिक्स व फैंसी सूटिंग के अग्रणी पायदान पर है। फर्म के डायरेक्टर श्री महेन्द्र जैन व उनके युवा सुपुत्र श्री हर्ष जैन ने बताया कि शून्य से शुरुआत करते हुए कठिन परिस्थितियों में आशावादी विचार लेकर मेहनत की एवं अपने कार्य कौशल से आज इस मुकाम पर है।

**'ईमानदारी व सरल ह्रदय से संपूर्ण भारत में पहचान'**

### यूनिफॉर्म उत्पाद

फर्म की कार्यशैली एवं प्रॉडक्ट के बारे में श्री जैन ने बताया कि यूनिफॉर्म की श्रेष्ठ क्वालिटियों का विपणन करना हमारा ध्येय है। वर्तमान में यूनिफॉर्म के अंतर्गत विभिन्न कलर रेंज एवं डिजाइंस वर्षभर हम पार्टियों को उपलब्ध करा रहे हैं जिसमें स्कूल, कॉर्पोरेट, सिक्योरिटी, हॉस्पिटल, कॉलेज, होटल, एयरलाइंस एवं इंडस्ट्रियल सेक्टर में भी माल की आपूर्ति कर रहे हैं।

### प्राथमिकता

अपने कंज्यूमर को क्वालिटी उत्पाद एवं मालों की समय पर डिलिवरी करना फर्म की पहली प्राथमिकता रहती है। यूनिफॉर्म सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए और जरूरत के अनुसार सभी कंपनियों की फैब्रिक रेंज का नए-नए डिजाइंस के कैटलॉग हमेशा तैयार रखते है। इन कैटलॉग की खासियत यह है कि इसमें प्रदर्शित समस्त फैब्रिक रेंज का फर्म भरपूर रेडी स्टॉक मेंटेन करते हुए पूरे भारतवर्ष के व्यापारियों को उपलब्ध करा रही है, साथ ही फर्म फैंसी सूटिंग व शर्टिंग कॉटन व कॉटन लाइक्रा मुख्यतः भीलवाड़ा, सूरत व भिवंड़ी का कार्य प्रमुखता से कर रही है।

### सेल्स नेटवर्क

श्री जैन ने बताया कि फर्म नित नये डवलपमेंट से आज दक्षिण भारत के साथ-साथ संपूर्ण भारत जिसमें मुख्यतः भीलवाड़ा, मुम्बई (भिवंडी), लुधियाना, सूरत एवं बालोतरा में अपने कार्य का जाल बिछाए हुए है।
















# मांग बढ़ने से कॉटन यार्न में उछाल

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**


यार्न की मांग बढ़ने से कॉटन यार्न के भाव सुधरे हैं। कपड़ों का उत्पादन कम होने से खाली पाइपलाइन को ध्यान में रखते हुए आगे की त्योहारी तथा विंटर सीजन के लिए कपड़ों की मांग में भारी वृद्धि होने के अनुमान से जहां मिलों एवं पावरलूम इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन बढ़ने लगा है, वहीं उसका सीधा असर कॉटन यार्न की मांग पर भी पड़ा है। लेकिन चिंता इस बात की है कि स्पिनिंग इकाइयों के पास रूई का स्टॉक अधिक नहीं है और रूई के लिए न्यूनतम समर्थन भाव बढ़ा देने से बाजार में रूई की आवक कम होने की आशंका है और इस कारण रूई के भाव जो अभी संतुलित लग रहे हैं, वह बढ़ेंगे। इतना ही नहीं क्रूड तेल के भाव में यदि वृद्धि होती है, तो पॉलिएस्टर यार्न टाइट होगा। बाजार सूत्रों का कहना है कि







देश में यार्न के कच्चे माल अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी भाव के अनुसार होने चाहिए और इनकी क्वालिटी भी उसी अनुसार होनी चाहिए। पॉलिएस्टर यार्न के कच्चे माल पीटीए की सहज उपलब्धि बाजार में नहीं होने के कारण समय-समय पर वीविंग इकाइयों को अपने उत्पादन को सीमित करने अथवा कम करने की नौबत आती रहती है। इतना ही नहीं जिन स्पेशियल्टी यार्न का देश में उत्पादन नहीं है और वीविंग उद्योग में मांग अच्छी रहती है, तो इस तरह के यार्न की उपलब्धि सुनिश्चित होती है, तो ऐसे यार्न के भाव एक दायरे में होंगे और इस कारण कपड़ों की उत्पादन लागत बहुत अधिक नहीं होगी,

**शेषांश पृष्ठ 8 पर...**



स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**


J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
PLEASE FOLLOW THE STEPS TO SCAN THE QR CODE
1 Open Google Lens.
2 Tap the magnifying glass icon.
3 Point your camera at the QR code.
4 Tap the pop-up that appears to view the QR code content.
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# J.Hampstead द्वारा ऑटम विंटर कलेक्शन 2024 की गोवा में रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग

## देशभर से पधारे रिटेलर्स सूटिंग-शर्टिंग की रेंज देखकर हुए उत्साहित | पहली बार 8 कैटलॉग लॉञ्च












J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE

**गोवा / मुंबई /** मेंस वियर फैब्रिक के प्रसिद्ध ब्राण्ड **J.Hampstead** ने एक बार फिर नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए आने वाले सीजन की तैयारियां शुरू कर दी है। जैसे ही मानसून ने दस्तक दी, वैसे ही **J.Hampstead** द्वारा आक्रामक रणनीति अपनाते हुए 14 से 20 जून 2024 को पाँच सितारा होटल आलीला दिवा (हयात), गोवा में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस कर ऑटम विंटर कलेक्शन 2024 को लॉञ्च किया। इस भव्य कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ सियाराम सिल्क मिल्स के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार, युवा एवं डायनेमिक डायरेक्टर श्री अवनीश पोद्दार, बिजनेस हैड श्री विजय जैन, सभी एरियां के जोनल मैनेजर सहित ऑल इंडिया से पधारें सभी रिटेलर्स की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ की गई। ऑल इंडिया से पधारें 600 से अधिक रिटेलर्स **J.Hampstead** की नई रेंज देखकर काफी उत्साहित नजर आए।

### रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग

इस कॉन्फ्रेंस में **J.Hampstead** द्वारा आगामी सीजन के लिए ऑटम विंटर कलेक्शन 2024 लॉन्च किया गया जिसकी सभी रेंज बहुत लाजवाब थी। रिटेलर्स द्वारा हर रेंज की भरपूर प्रशंसा की गई तथा विगत 11 वर्षों में **J.Hampstead** द्वारा कॉन्फ्रेंस की जा रही है परंतु इस वर्ष कॉन्फ्रेंस में रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग दर्ज की गई, क्योंकि इस बार नये डवलपमेंट व्यापारियों को काफी पसंद आए। इससे महसूस किया जा सकता है कि **J.Hampstead** का जलवा बाजार में आज भी बरकरार है।



इस भव्य रिटेल कॉन्फेंस में कंपनी के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार ने सभी व्यापारियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आगामी सीजन बहुत अच्छा होने वाला है। इस बार **J.Hampstead** द्वारा आप सबके लिए काफी नई रेंज लेकर आया है। आप सभी वर्षों से इस ब्राण्ड के साथ जुड़े हुए हैं। हमें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि इस ब्राण्ड के प्रति आप सभी का सहयोग हमें हमेशा मिलता रहेगा।



कॉन्फ्रेंस में कंपनी के युवा एवं डायनेमिक डायरेक्टर श्री अवनीश पोद्दार ने सभी रिटेलर्स का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि इस वर्ष **J.Hampstead** में अनेक नए डवलपमेंट पेश किए हैं जो फैशन ट्रेंड के अनुरूप अपग्रेड फील और फिनिश लिए हुए है। हमारे द्वारा इस वर्ष सूटिंग-शर्टिंग में अनेक कैटलॉग लॉन्च किए हैं जिनकी डिजाइंस, पैटर्न एवं क्वालिटी बहुत ही लाजवाब है। हमें आशा है कि यह सभी रेंज आने वाले सीजन में काफी लाभप्रद होगी।



### बेमिसाल प्रॉडक्ट रेंज

श्री विजय जैन ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमारे द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए पूरा फोकस प्लेन एवं नये कलर्स पर किया गया। जिनमें इनोवेटिव वीव के साथ अनेक डिजाइनों से लेस प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग की रेंज विभिन्न शेड्स के कलर चार्ट में तैयार किए गये, जो व्यापारियों को खूब पसंद आए। इस बेमिसाल फैब्रिक डिस्प्ले में पहली बार हमारे द्वारा **VICUNA Wool Collection** सूटिंग रेंज पेश की गई जिसे देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गये। इस फैब्रिक में अनेक विशेषताएं विद्यमान थी। जिसकी व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई।

इसके अलावा सूटिंग रेंज में 3 नये कैटलॉग पेश किए गये। जिसमें वूल इन्फ्युजन, एक्जोटिक रिचवूल, वूल लाइक्रा, टीआर रेंज साथ ही **J.Hampstead** द्वारा शर्टिंग रेंज में 5 नये कैटलॉग पेश किए गए जिसमें फैंसी शर्टिंग, टेन्सिल, मोडाल, लिनन, प्रिन्ट, कॉटन, गीजा कॉटन, डिजिटल प्रिन्ट रेंज विभिन्न कलर चार्ट में तैयार कर व्यापारियों के सामने प्रदर्शित की गई, जो बहुत ही लाजवाब थे। इस कॉन्फ्रेंस में **J.Hampstead** द्वारा रिचवूल विथ मलवरी सिल्क रेंज लॉन्च की जो काफी आकर्षक का केंद्र रही। कंपनी द्वारा इस रेंज में दो क्वालिटी 43 प्रतिशत सिल्क विथ वूल, 14 प्रतिशत सिल्क विथ वूल इन क्वालिटीज का लस्टर और फिनिश देख सभी व्यापारी आश्चर्यचकित हुए। इन क्वालिटियों में कंपनी को बहुत अच्छी बुकिंग मिली। बाजार की डिमांड को देखते हुए **J.Hampstead** द्वारा काफी डिजाइने 4 Way लाइक्रा में प्रस्तुत की इस फैब्रिक की लचक, स्ट्रेच, स्ट्रैंथ और फैब्रिक की सेल्वेज ने व्यापारियों को काफी प्रभावित किया। यह रेंज रिचवूल से लेकर PV, PVW व TR में देखने को मिली। इस सम्पूर्ण डिस्प्ले की रेंज देखकर व्यापारियों का उत्साह देखने लायक था और **J.Hampstead** को सभी रेंज में रिकॉर्ड बुकिंग मिली।




















J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
PLEASE FOLLOW THE STEPS TO SCAN THE QR CODE
1 Open Google Lens.
2 Tap the magnifying glass icon.
3 Point your camera at the QR code.
4 Tap the pop-up that appears to view the QR code content.
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

7 से 21 जुलाई, 2024
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
BHILWARA PROCESS
House Edition








## कम्पोजिट यूनिट के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के फैब्रिक उत्पादन एवं क्वालिटी फिनिश में सर्वोत्तम बीएसएल लि.


श्री प्रवीण जैन
डायरेक्टर (ऑपरेशन्स)

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मंडी में कपड़ा उत्पादन की नींव रखने वाला एलएनजे ग्रुप टेक्सटाइल सेक्टर में पूर्णतया कम्पोजिट यूनिट है, जिसमें स्पिनिंग, वीविंग एवं प्रोसेसिंग पूर्णतया मॉडर्न तकनीक के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रॉडक्ट का निर्माण करती आ रही है। कंपनी घरेलू बाजार के अलावा निर्यात बाजार में महत्वपूर्ण भागीदारी रखती है। कंपनी में समय-समय पर बाजार के बदलते ट्रेंड के मद्देनजर वृहद स्तर पर डवलपमेंट किया जाता रहा है। समूह में अपने फैब्रिक ब्रांड बीएसएल, ज्योफ्रे हेमण्ड्स एवं एलएनजे डेनिम है, जो डोमेस्टिक एवं निर्यात बाजार में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके हैं।

**प्रदूषण नियंत्रण -** पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से आर.ओ. इ.टी.पी. एवं MEE से पानी को ट्रीट किया जाता है तथा ZLD मेनटेन किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि कम्पनी कपड़े की गुणवत्ता, पर्यावरण सुरक्षा, कर्मचारियों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं ऊर्जा प्रबंधन के लिये क्रमशः ISO 9001, ISO 14001, ISO 45001, ISO 50001 एवं Oe-kotex Standard-100 INDITEX, GRS सर्टिफाइड होकर इस क्षेत्र में सारे नियत मापदण्डों को पूरा करने का सामर्थ्य रखती है। BSL ने अन्तरराष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने के लिए नये सर्टिफिकेट भी लिए है। जैसे ZDHC, FSC, HIGG इत्यादि - ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी सभी उत्पाद निर्माण प्रक्रिया अच्छे पर्यावरण को दूषित नहीं करती है।

**आधुनिक प्रयोगशाला**
बीएसएल में स्वयं का वस्त्र परीक्षण केन्द्र स्थापित है, जिसमें घरेलू एवं निर्यात होने वाले कपड़े की गुणवत्ता की जाँच अत्याधुनिक मशीनों द्वारा की जाती है।

### प्रोसेस क्षेत्र

स्थानीय वस्त्र मण्डी में समूह की प्रोसेसिंग इकाई बीएसएल प्रोसेस गृह वर्तमान में मॉडर्न तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय मानकों के साथ उम्दा प्रोसेसिंग किया जा रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री प्रवीण जैन ने बताया कि ग्रुप में प्रोसेस डिविजन की शुरुआत 1977 में हुई, तब से निरन्तर इनोवेशन करते हुए वर्तमान में यह इण्टरनेशनल क्वालिटी प्रोसेस गृहों में शामिल है एवं सभी मोडर्न तकनीकी मशीनें स्थापित हैं।

- वर्तमान में प्रोसेस हाउस में 6 स्टेण्टर गतिशील हैं। बीएसएल इण्डिया के उन चुनिंदा प्रोसेस गृहों में शामिल है, जहां 100 प्रतिशत वूल व सिल्क कपड़े की प्रोसेसिंग की जाती है।
- यहां प्रोसेस किया हुआ कपड़ा विश्व के लगभग 56 देशों में निर्यात किया जाता है।
- टेक्निकल टेक्सटाइल में कदम रखते हुए आज बीएसएल वाटर एवं स्टेन रिपलेंट, अग्निरोधक, एंटीबेक्टीरियल, एसिड रेजिस्टेण्ट, लाइक्रा, बाई स्ट्रेच लाइक्रा आदि कपड़ों का निर्माण कर लगातार आपूर्ति कर रही है। होम फर्निशिंग की तरफ कदम बढ़ाते हुए बीएसएल आज स्वीडन की एक बहुत बड़ी कम्पनी IKEA के लिए कपड़ा बना रही है। IKEA एक बहुत जानी पहचानी कम्पनी है, जो फर्निचर के लिए जानी जाती है। ऐसे में इसके लिये कपड़ा बनाने के लिए कम्पनी को बहुत सारे कठोर मापदण्डों को पूरा करना पड़ता है। बीएसएल उन सारे कठोर मापदण्डों को पूरा करते हुए इस कम्पनी के लिए कपड़ा बना रही है। लगभग 36 लाख मीटर कपड़ा प्रतिवर्ष इसी कम्पनी के लिए बनाया जा रहा है। IKEA कपड़े की प्रोसेसिंग के लिए कम्पनी द्वारा प्लाण्ट में अलग से प्रोसेस यूनिट 2 स्थापित है, जिसमें केवल इसी का कपड़ा प्रोसेस किया जा रहा है।

### सौर ऊर्जा उत्पादन

**कम्पनी ऊर्जा संरक्षण एवं उत्पादन के तहत गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत के अन्तर्गत सोलर प्लाण्ट स्थापित कर चुकी है जिसमें 4.7 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है तथा 2.0 मेगावाट का ऑर्डर दिया जा चुका है। गौरतलब है कि स्थानीय मण्डी टेक्सटाइल इण्डस्ट्री में पहला प्रोसेस गृह है जिसमें सौर ऊर्जा द्वारा बिजली उत्पादन किया जा रहा है।**

**- पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से बीएसएल प्रांगण में प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है। वर्षा के जल को संग्रहित किया जाता है व इसके लिये जल संचयन प्रणाली लगा रखी है।**

**पर्यावरण दिवस महोत्सव- कम्पनी प्रतिवर्ष 5 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जनचेतना के तहत कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसमें पर्यावरण प्रबन्ध के उपाय बताये जाते हैं एवं कम्पनी द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग इत्यादि की जगह कपड़े से निर्मित थेले इत्यादि वितरित करके यह सन्देश देती है कि सभी को प्लास्टिक उपयोग नहीं करके कपड़े या अन्य स्रोत से बने उपाय को अपनाना चाहिए।**

### इकोलॉजिकल एव वेजिटेरियन पद्धति

बी.एस.एल. कम्पनी द्वारा एक नई तकनीक का अनुसरण करते हुए फैब्रिक उत्पादन में वीगन फैब्रिक का निर्माण शुरु किया है। इस पद्धति में किसी भी जीवित जीव को बिना किसी नुकसान के वस्त्र उत्पादन किया जाता है। इस प्रणाली से कम्पनी को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर फैब्रिक निर्माण के लिए वी-लेबल यूरोपियन वेजिटेरियन यूनियन द्वारा वीगन प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। इस तरह से कपड़ा निर्माण करने वाली बी.एस.एल. लिमिटेड पहली भारतीय कम्पनी है, जिसे इस प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया है।

BSL ने भीलवाड़ा में प्रथम बॉयोवेस्ट ईंधन से चलने वाला बॉयलर / थर्मोपेक लगाया है। इससे जीवाश्म ईंधन की खपत नहीं होती है तथा पर्यावरण भी सुरक्षित बना रहता है।

BSL ने अपनी उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाते हुए कॉटन यार्न उत्पादन का प्लांट स्थापित किया है। प्रारम्भ में 29184 स्पीण्डल से शुरूआत की है। जिससे प्रतिदिन 22 टन यार्न का उत्पादन हो रहा है। प्लांट पूर्णतया आधुनिक एवं स्वचालित तकनीक पर आधारित है।

### सोशल वेलफेयर प्रोग्राम

कम्पनी समय-समय पर सामाजिक कल्याण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्मचारियों के लिये मेडिकल हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन करती है और ब्लड कैम्प के तहत रक्तदान शिविर लगवाकर मानव कल्याण में अपना योगदान प्रदान करती है। बीएसएल प्रांगण में कौशल विकास केन्द्र स्थापित किया गया जिसके अन्तर्गत श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कम्पनी अपने आसपास ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल भी मुहैया कराती है। बालिका उत्थान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सेनेटरी वेंडिंग मशीन भी उपलब्ध कराती है।

**दिवाली, होली मिलन समारोह-** कम्पनी के स्टाफ क्लब द्वारा प्रतिवर्ष दिवाली, होली मिलन एवं फागोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, इस दौरान सभी कर्मचारी भाग लेते हैं।


# टेक्सटाइल की दुनिया में दिग्गज कम्पनी कंचन इण्डिया लि.

## पूर्णतया कम्पोजिट यूनिट होने के साथ वस्त्र मण्डी का सबसे बड़ा प्रोसेस गृह संचालित


श्री जयेश बांगड
डायरेक्टर


श्री अनिल वर्मा
टेक्निकल चीफ

**भीलवाड़ा/ टेक्सटाइल सेक्टर में वैश्विक स्तर पर बड़े औद्योगिक घरानों में शुमार कंपनी कंचन इण्डिया लि. कंपनी प्रबंधन द्वारा निरंतर अपने कार्यकौशल से अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता अर्जित की और आज वीविंग, स्पिनिंग, प्रोसेसिंग एवं डेनिम उत्पादन में देश की अग्रणी कंपोजिट यूनिट में शुमार की जाती है।**



**प्रबन्धन-** प्रोसेस गृह का प्रबंध कार्य डायरेक्टर श्री जयेश बांगड निर्वहन कर रहे हैं एवं टेक्निकल चीफ की जिम्मेदारी श्री अनिल वर्मा के पास है। गौरतलब है कि श्री वर्मा पिछले 25 वर्षों से इस प्लांट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### फाउण्डर

कंचन इण्डिया लि. की स्थापना सन् 1996 में संस्थापक (ऑनर) श्री लादूलाल बांगड द्वारा की गई थी। तब से कंपनी प्रबंधन द्वारा निरंतर अपने कार्यकौशल से अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता अर्जित की और आज वीविंग, स्पिनिंग, प्रोसेसिंग एवं डेनिम उत्पादन में देश की अग्रणी कंपोजिट यूनिट में शुमार की जाती है। टेक्सटाइल वर्ल्ड द्वारा प्रोसेस हाउस परिशिष्ट प्रकाशन हेतु कंपनी के प्रोसेस गृह की जानकारी ली गई। कंपनी द्वारा प्रोसेस गृह का शुभारम्भ सन् 2000 में किया गया था। तब से निरन्तर डवलपमेंट के साथ आज वस्त्र मण्डी का सर्वोच्च प्रोसेस गृह है जो उच्च दर्जे की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है।

**सूटिंग-** इस सेगमेंट में सभी तरह की क्वालिटियों में फैब्रिक प्रोसेसिंग हेतु सम्पूर्ण उपयोगी मॉडर्न मशीनें प्लाण्ट में कम्पनी प्रबन्धन द्वारा स्थापित की गई है। इसी क्रम में विस्कोस नाइलोन की शर्टिंग में भी कार्य शुरू किया गया, जिसके लिए उपयोगी मशीन Soft Flow स्थापित की गई वो भी केवल इसी कम्पनी में ही है।

**प्रोसेस गृह मशीनरी एवं क्षमता-** प्लांट में कुल 11 स्टेण्टर स्थापित है जो वस्त्र नगरी में सबसे ऊपरी पायदान पर है। जिसकी कुल क्षमता लगभग 1.5 करोड़ मीटर मासिक फैब्रिक प्रोसेसिंग की है। कंपनी द्वारा सभी आवश्यक मशीनें अत्याधुनिक तकनीक की स्थापित की गई, जो कई तरह की फैब्रिक की उम्दा क्वालिटी प्रोसेसिंग में महारत रखती है। प्रोसेस गृह में प्रिंटिंग मशीन भी लगाई जा चुकी है जिसमें फैब्रिक की प्रिंटिंग की जाती है। उल्लेखनीय है कि यह मशीन औद्योगिक नगरी में केवल कंचन इंडिया प्रोसेस में ही गतिशील है।

## पृथक पहचान के साथ निरन्तर अग्रसर... कंचन इण्डिया लि.

- **टेक्सटाइल सेक्टर में वस्त्र मण्डी की लगभग मासिक उत्पादन क्षमता 9 करोड़ मीटर में कम्पनी लगभग 1.5 करोड़ मीटर की भागीदारी रखती है।**
- **प्रोसेस गृह में 98 प्रतिशत कम्पनी अपना कार्य करती है।**
- **प्रदूषण नियन्त्रण में 97 प्रतिशत रिकवरी करके उच्च दर्जे पर आती है।**
- **कॉटन प्रोसेसिंग में शीर्ष स्तर पर है।**
- **वीविंग, स्पिनिंग, प्रोसेसिंग एवं डेनिम में कीर्तिमान स्थापित करती है।**
- **फैब्रिक प्रिटिंग मशीन स्थापित की गई जो स्थानीय वस्त्र मण्डी में केवल इसी ग्रुप में है।**



**कॉटन प्रोसेसिंग-** कंपनी कॉटन सेक्टर में अपनी बड़ी भागीदारी रखती है जिसमें प्रतिदिन 3 लाख मीटर फैब्रिक प्रोसेसिंग की क्षमता है। कॉटन शर्टिंग प्रोसेसिंग में भी कंपनी स्थानीय मंडी में शीर्ष स्तर पर है। कंपनी के पास संपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर होने से आज कई टॉप ब्राण्ड्स ऑर्डर पर माल खरीदी करते हैं जिसमें S Polo, Lifestyle, Max, UV flip, Indian Terrain एवं Peter England इत्यादि शामिल है। कार्यशैली यह है कि मेक टू ऑर्डर कार्य होता है।

REGISTERED OFFICE: 19/20, Bhilwara Textile Market, Pur Road, Bhilwara- 311001 (Rajasthan) Ph.: 01482-247001 | Mob.: 96365 40111
Email: anilverma@kanchanindia.com | Web.: www.kanchanindia.com
FACTORY .: Near Mandal Railway Station, Mandal 311403 (Rajasthan)

kanchan® INDIA

### पर्यावरण एवं प्रदूषण नियन्त्रण

कम्पनी प्रतिबद्ध है कि औद्योगिक विकास के साथ पारिस्थितिकीय तन्त्र (इको सिस्टम) में हानिकारक प्रभाव नहीं हो, इसके लिए सभी तरह के आवश्यक उपाय किये जा चुके हैं। इसी वजह से कंचन इण्डिया प्रोसेस वस्त्र मण्डी में इस क्षेत्र में भी कई कदम आगे है। 2 ETP, 2 MLD, 3 MLD, 5 MLD की क्षमता के साथ कार्यरत है।

कम्पनी यह दावा करती है कि ETP प्लाण्ट में केमिकल का बिल्कुल प्रयोग ना हो, जिसके लिए हेल्दी बायोलॉजिकल सिस्टम एवं जर्मन बेस MBR - MEMBRANE, BIOREACTOR KOCH भी जर्मन निर्मित इम्पोर्ट कर स्थापित किया गया है। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है कि केमिकल का प्रयोग तो नहीं होता ही है। दूसरा केमिकल सल्ज उत्पादन बिल्कुल नही होता है। R O Plant में फीड करने के लिए पानी की (रिसायकलिंग वाटर) गुणवत्ता में बेहतर होती है।

प्रोसेस गृह इस सेक्टर में 97 प्रतिशत तक रिकवर करती है। जिसके अंतर्गत यूनिट में 5.1 MLD का R O Plant स्थापित किया गया, जिसके चलते इस स्तर तक रिकवर किया जा रहा है बाकी 3 प्रतिशत रिजेक्ट पानी के लिए यूनिट द्वारा 200 KLD का ME Plant लगाया गया एवं ME के द्वारा रिजेक्ट पानी को कंसट्रेट करके ME कंडनसेट वापस रिसायकल किया जा रहा है। आगे की प्रक्रिया में ME का रिजेक्ट ATFD में फीड करके नमक (मिक्स साल्ट) बनाकर डिस्पोजल साइड UCCI उदयपुर भेजा जाता है, जहाँ इसे LANFILL किया जाता है। जिसकी मात्रा 200 टन तक जाती है एवं लागत लगभग 10 लाख महिनें की आती है और 5800 प्रति टन की कॉस्ट लेन्डविल के लिए आती है।

### वृक्षारोपण

कंपनी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान चला कर कई क्षेत्रों में पौधारोपण करती है, जैसे कि धुवाला ITI परिसर में 2000 पौधें लगाए गये हैं।

### वायु प्रदूषण निराकरण

प्रोसेस गृह से निकलने वाले धुएं को फिल्टर करने के लिए बेक फिल्टर लगाए जा रहे हैं। इनको बायलर एवं थर्मोपेक पर स्थापित किये जायेंगें।

# आधुनिक तकनीक से युक्त सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी एवं फिनिश प्रदाता प्रोसेस हाउस

## A division of Murarka Suiting Pvt. Ltd.




### भीलवाड़ा

स्थानीय वस्त्र मण्डी की ख्यातनाम सूटिंग निर्माता कम्पनी मुरारका देश एवं विदेश में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना चुकी है। कम्पनी स्वयं का प्रोसेस गृह A division of Murarka Suiting नाम से संचालन कर रही है, जो सभी मॉडर्न तकनीकयुक्त है। प्रोसेस हाउस के डायरेक्टर श्री संजय मुरारका ने जानकारी देते हुए बताया कि, प्लाण्ट पूर्णतया अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित है एवं कम्पनी इस बात के लिये प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता को क्वालिटी फिनिश ही प्रदान करे। प्रोसेस हाउस में प्रशिक्षित तकनीकि इंजीनियर एवं कुशल कारीगर सेवाएं दे रहे हैं। प्रोसेस हाउस के टेक्निकल चीफ श्री राजेश श्रोत्रिय अपने विशद अनुभव से बेहतर कार्य कर रहे हैं।

### उत्पादन

प्रोसेस गृह में 5 स्टेण्टर स्थापित हैं, जिसके अन्तर्गत लगभग 35 लाख मीटर फैब्रिक प्रतिमाह प्रोसेसिंग की जा रही है। प्रोसेसगृह में सूटिंग फैब्रिक की विभिन्न तरह की क्वालिटियों में पीवी, लाइक्रा, कॉटन फैब्रिक, फैंसी, उम्दा क्वालिटी की टीआर फैब्रिक, इटालियन टीआर, इम्पोर्टेड टीआर, इम्पोर्टेड फैब्रिक की फिनिशिंग के अलावा कर्टेन क्लॉथ, आर्मी बेस फैब्रिक एवं कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए भी प्रोसेसिंग की जा रही है।

### तकनीकी विवरण

प्रोसेस गृह में स्थापित सभी तरह की मशीनरी मॉडर्न तकनीक की हैं, जिसमें लेटेस्ट मशीनों में न्यू के डी, सीबीआर, लॉफर, सुपर फिनिश, इम्पोर्टेड साइनर, मर्सराइजर, कन्टूनिश वाशर इत्यादि शामिल हैं।

### कॉटन डवलपमेण्ट

कम्पनी कॉटन फैब्रिक प्रोसेसिंग के लिए ही न्यू डाईंग Padder एवं न्यू CBR लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीनरी स्थापित की गई है और कॉटन सेक्टर में न्यू इनोवेशन के तहत पामर (PALMER) मशीन और लगाई गई जिसमें बेहतर फिनिश के साथ प्लाण्ट एडवान्स तकनीक से परिपूर्ण हो सके।

### पर्यावरण प्रबंधन

कम्पनी पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर सभी मानदण्डों की पालना करती है। रासायनिक पानी के उपचार हेतु ETPTP Plant स्थापित कर रखा है एवं ME, R.O. कार्यरत है। प्रोसेस गृह की बाउण्ड्री में पेड़-पौधे लगा रखे हैं एवं हर साल पेड़ लगाये जाते हैं। कम्पनी द्वारा पिछले वर्ष में ETP को काफी उच्च स्तर पर अपग्रेड किया गया है।

WORKS:- Post Box No.69, Plot No. A-44-45-46-46A-57-57A-58-59
RIICO GROWTH CENTER, CHITTORGARH ROAD
HAMIRGARH, BHILWARA-311001 (Raj.), MOB: 098297-91290

# देश की टॉप सूटिंग उत्पादन कम्पनियों में शामिल होने के साथ ही स्वयं के प्रोसेस गृह का कुशल संचालन

## श्री सांवरिया जी टेक्स फैब इण्डस्ट्रीज लि.





भीलवाड़ा / सूटिंग उत्पादन क्षेत्र में देश की अग्रणी कम्पनी SRS अपने ब्राण्ड को ऊपरी स्थान पर स्थापित करने में कामयाब रही है। कम्पनी द्वारा पिछले कुछ वर्षो पूर्व प्रोसेस गृह टीपीएल का अधिग्रहण करने के बाद इसे श्री साँवरियाजी टेक्स फेब इण्डस्ट्रीज नाम से संचालित करते हुए इसमें व्यापक परिवर्तन किये हैं।



**कॉटन प्रोसेसिंग-** कम्पनी द्वारा कॉटन फैब्रिक के लिये अलग से सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसमें मर्सराइजर, डिसाइजर, Maxi रोलिंग, ब्लीचिंग एवं ऑल काइण्ड उपयोगी मशीनरी स्थापित की गई है, जिसमें कॉटन फैब्रिक प्रोसेसिंग में बेहतर कार्य हो रहा है। टेक्निकल चीफ श्री अशोक सिंह ने प्लाण्ट की जानकारी देते हुए बताया कि प्रोसेस गृह में उम्दा प्रोसेसिंग के लिये आवश्यक मशीनरी में उच्च तकनीक का समावेश किया जा चुका है। वर्तमान में 4 स्टेण्टर से संचालित प्लाण्ट में फाइबर डाईड व टीआर के साथ पीसडाईड में पीवी, केटोयनिक डाईड इत्यादि में क्वालिटी फिनिश की जा रही है। गौरतलब है कि T M श्री अशोक सिंह सन् 1998 से कार्य कर रहे हैं और इनकी शिक्षा B.Sc., VJTI मुम्बई एवं फैब्रिक डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग, ओब्जीलरी (केमिकल्स) में सफलतापूर्वक पूर्ण हुई।

**प्रबन्ध कार्य -** कम्पनी के डायरेक्टर श्री अनिल कन्दोई के नेतृत्व में इसका कुशल संचालन किया जा रहा है एवं प्रोसेस गृह को पूर्ण रूप से मॉडर्न तकनीक से सुसज्जित किया गया है।

### A Process House having most modern technology



SHRI SAWARIYA JI
TEX FAB INDUSTRIES LIMITED
REGD. OFFICE & MILLS
11/12th KM, Chittor Road, Guwardi, P.O. HAMIRGARH-311025
Dist. Bhilwara (Raj.), Phone: 01482-249086
E-mail: tplbhilwara@gmail.com, tpl.industries@rediffmail.com

### तकनीकी विवरण

श्री सिंह ने बताया कि प्लाण्ट में सभी मशीनरी आधुनिक तकनीकयुक्त स्थापित की गई है, जिसमें Biya La, K.D. कलेण्डर, मर्सराइजर, साइनर, कॉम्फिट, पामर (PALMER) एवं सुपर फिनिश शामिल हैं।

### विशेष डवलपमेण्ट

कम्पनी द्वारा एंटीफिलिंग, फायर प्रुफ, मेडिकल क्षेत्र, यूनिफॉर्म सेगमेण्ट एवं एन्टीबेक्टिरियल फैब्रिक के लिए विशेष प्रोसेसिंग की जा रही है एवं वाटर रिफलेन्ट, मोइश्चाइज मैनेजमेण्ट का न्यू डवलपमेंट किया गया। गौरतलब है कि निर्यात बाजारों में एण्टीबेक्टिरियल फैब्रिक डिमाण्ड से खरीदी जाती है। कम्पनी स्थानीय फैब्रिक के अलावा कॉर्पोरेट सेक्टर का कपड़ा भी प्रोसेसिंग कर रही है।

### पर्यावरण संरक्षण

इस क्षेत्र में कम्पनी प्रदूषण नियंत्रण के सभी मानदण्डों का पालन करती है, जिसके लिये सभी आवश्यक कार्य प्रणाली स्थापित है। कम्पनी क्वालिटी मेण्टेन में विश्वास रखती है।

# मॉडर्न तकनीक से लेस कम्पलीट सुसज्जित प्रोसेस हाउस रोनक प्रोसेस प्रा.लि.





भीलवाड़ा / स्थानीय वस्त्र मण्डी में शीर्ष प्रोसेस गृहों में शुमार रोनक प्रोसेसर्स प्रा.लि. क्वालिटी फिनिश के लिए सभी सुविधाओं से गतिमान है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री रामजी लाल गुर्जर इस क्षेत्र में बेहतर अनुभव के साथ संचालन कर रहे हैं। कम्पनी में इनके युवा सुपुत्र श्री राजेश गुर्जर (M.D.) जिन्होंने केमिकल इन्जिनियरिंग में शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात अपनी कम्पनी में क्वालिटी कंट्रोल में सम्पूर्ण कार्यभार देख रहे हैं।

**तकनीकि इंफ्रास्ट्रक्चर-** श्री रामजी लाल ने बताया कि प्रोसेस हाउस को काफी अपग्रेड किया गया है, जिसमें लेटेस्ट तकनीक की मशीनें स्थापित की गई तथा प्लांट में 5 स्टेण्टर कार्य कर रहे हैं, जिसमें 4 हरीश कम्पनी एवं एक मोन्टेक्स न्यू ब्राण्ड के स्थापित है। प्रोसेस गृह की उत्पादन क्षमता लगभग 42 लाख मीटर फैब्रिक फिनिश की है। प्लाण्ट में स्थापित मशीन्स में सायनर एवं कलेण्डर 5 तक किए गए हैं। श्री गुर्जर ने बताया कि उच्च क्वालिटी की फैब्रिक फिनिश हेतु New Washing Range A New Beila K. D. Jaguar जो (बियला इटली) से इम्पोर्ट किए गये हैं। इसी तरह उच्च तकनीक के जिगर्स भी स्थापित किए गए एवं फिनिश व डाईंग हेतु नवीनतम तकनीक की मशीनें कलेण्डर, साइनर, कोम्फीट, जीरो-जीरो, सुपर फिनिश मशीन द्वारा उम्दा क्वालिटी की प्रोसेसिंग के लिए हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

**वैल्यू एडेड क्वालिटियां-** कम्पनी वैल्युएडेड क्वालिटी फैब्रिक में विभिन्न रेंजो की बेहतर फिनिश कर रही है, जिनमें पीवी, हाईट्विस्ट, टीआर, कॉटन, कॉटलुक, सालसा (Salsa) सुहानस्ल्ब, टेफलोन एवं केडी वाशिंग रेंज शामिल है।

**विपणन-** कम्पनी स्थानीय मण्डी के अलावा मुम्बई, दिल्ली, बुरहानपुर एवं जो कपड़ा बालोतरा प्रोसेसिंग के लिए जा रहा है, उसके लिए भी क्वालिटी फिनिश प्रदान की जा रही है। प्लाण्ट में सभी अनुभवी प्रशिक्षित इंजीनियर्स एवं कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं।

**पर्यावरण संरक्षण-** कम्पनी प्रोसेस संचालन के तहत पर्यावरण प्रदूषण के सभी मानदण्डों का पूर्णतया पालन करती है। इसके लिए जीरों लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD) के लिए विशेष मशीन लगायी गई है।

इस सन्दर्भ में क्षमता विस्तार करते हुए ई. टी. पी. प्लाण्ट को 700 KLD का एवं न्यू R.O. और स्थापित किया गया है। विदित है कि 500 KLD का R.O. पहले ही स्थापित है। कम्पनी जीरों डिस्चार्ज में विश्वास रखती है और इसके लिए पूरा पालन किया जा रहा है।

RONAK
PROCESSORS PVT. LTD.
Equipped With Latest Technology Machineries
For Processing Of All Types Of Fabrics



RAMJI LAL GURJAR
DIRECTOR
+91 90018 95190
RAJESH GURJAR
M.D.
+91 95356 82077
G-138-143, 4th Phase, Riico Industiral Area, BHILWARA- 311001
Ph.: 01482-260524, 25, 27, 28, FAX: 01482-260129
E-mail: ronakprocessorspvtltd@gmail.com

We Are Manufacturer Of Textile Processing Machine



DIRECTOR
MAHAVIR SINGH RATHORE



G.M.
SH. DEVASHISH BAJPAI

SINCE 10 YEARS Machinery Manufactured Mainly for Textile Processing Industry
1. Decatising Machine
2. PLC based Fully Automatic Jigger Machine
3. Jet Dyeing Machine

Marketing Sales in:- Bhilwara Gorakhpur Panchkula-Haryana, Gujarat, Rajasthan, Maharastra

DYEFAB PRESSURE TECHNOLOGY INDIA PVT. LTD.

Latest Upgraded Technology in DECATISING MACHINE GEAR BOX SYSTEM Various types of saving in machine compared to old model.

1 PROVIDE DRY STEAM

2 STEAM SAVING

3 AIR SAVING

PLC Based Jigger Machine




Decatising Machine




DYEFAB PRESSURE TECHNOLOGY INDIA PVT LTD
FACTORY: G1-215,216 RIICO GROWTH CENTRE, SWAROOPGANJ BHILWARA-311001 (RAJ)
Mob. 8107454986 7073496670, Email: dyefab_001@yahoo.com

# सभी लेटेस्ट तकनीक से युक्त शीर्ष प्रोसेस गृह जानकी कॉर्प लि.



भीलवाड़ा / स्थानीय वस्त्र मंडी में मॉडर्न तकनीक से गतिशील जानकी कॉर्प देश के शीर्ष प्रोसेस गृहों में शुमार होता है। गौरतलब है कि सन् 1994 में फाउंडर एवं चेयरमैन श्री रघुनाथ मित्तल द्वारा इसकी स्थापना की गई थी, तब से प्रोसेसिंग क्षेत्र में कई आयाम स्थापित किए और विशेष बात यह रही कि कई वर्षों तक अधिकतर स्टेण्टर के साथ उम्दा क्वालिटी फैब्रिक प्रोसेसिंग में अव्वल रहा, जब एशिया में जानकी कॉर्प (प्रोसेस) ही अधिकतम स्टेण्टर के साथ फैब्रिक फिनिश में विख्यात था। वर्तमान में भी सभी तरह की लेटेस्ट तकनीक के साथ उच्च उत्पादन क्षमता में शीर्ष स्तर पर शामिल है।

### टेक्निकल स्वरूप

कंपनी पूर्णतया लेटेस्ट तकनीकयुक्त मशीनरी से परिपूर्ण है। 6 स्टेण्टर के साथ डेढ़ लाख मीटर प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है एवं क्षमता के लिहाज से 60 लाख मीटर प्रतिमाह है। फैब्रिक क्रमशः पॉलिएस्टर, पीवी, फाइबर डाइड एवं कॉटन मिलाकर 25 प्रतिशत के अनुपात में सभी सेगमेंट में फिनिश हो रहा है। प्रोसेस यूनिफॉर्म फैब्रिक की क्वालिटी फिनिश की है उसमें भी बेहतर सेवा प्रदान करता है। स्थानीय मंडी के अलावा बाहर से कई ब्राण्ड्स एवं कॉर्पोरेट सेक्टर से माल फिनिश के लिए आ रहा है।

### कंपनी प्रबंधन

प्रोसेस गृह के चेयरमैन श्री रघुनाथ मित्तल, इनके युवा सुपुत्र श्री राहुल मित्तल (MD) एवं श्री रोहित मित्तल (MD) अपने अनुभव से प्रोसेस गृह को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



### टेक्निकल सेक्टर

प्रोसेस गृह के चीफ इंजीनियर अजाँय सिन्हा के अनुभव एवं कुशल नेतृत्व से प्रोसेस गृह को जिम्मेदारीपूर्वक संचालन किया जा रहा है।

### वित्तीय प्रबंधन

कंपनी में श्री मधुसूदन शर्मा फाइनेंस कमर्शियल में अपनी जिम्मेदारी निर्वहन कर रहे हैं। कंपनी में कॉटन प्रोसेसिंग की गुणवत्ता के लिए न्यू सीबीआर वॉशिंग रेंज स्थापित की जा चुकी है।

### पर्यावरण संरक्षण

कंपनी औद्योगिक संचालन के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा के प्रत्येक मानदंडों का पालन करती है, जिसके तहत लेटेस्ट तकनीकयुक्त ईटीपी-आरओ एवं एमई मशीनें स्थापित हैं, जो जीरो डिस्चार्ज के प्रति कटिबद्ध है। प्लांट की खाली भूमि पर पेड़ लगाए गए हैं एवं समय-समय पर सालाना पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर हरितपट्टिका बनाई जा रही है। हाल ही में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पौधारोपण के साथ जूट बेग भी वितरित किए गए।



JCL
JANKI CORP LIMITED
It's New Sensation
In Fabric Processing At Your Service
You Deserve The Best Reputation
The Best Quality of Fabric
Now Available to you
JANKI CORP LIMITED
Post Box No. 40, Mandpiya Choraha, Chittor Road
BHILWARA - 311 001, RAJASTHAN
Ph. : 01482-249010, E-mail : jankicorp@yahoo.co.in
Website: www.jankicorp.com

# उम्दा क्वालिटी की फैब्रिक प्रोसेसिंग के लिये प्रतिबद्ध पूजा स्पिनटेक्स




भीलवाड़ा / स्थानीय वस्त्र उद्यमियों में श्री सचिन राठी प्रोसेसिंग सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित कर चुके हैं जो सन् 2002 से कार्य आरम्भ करके निरन्तर सफलतापूर्वक प्रोसेस हाउस का संचालन कर रहे हैं। प्रोसेस गृह में अनुभवी टेक्निकल चीफ श्री धीरेन्द्र कटियार, जो इन टेक्सटाइल IIHT जोधपुर से शिक्षा पूर्ण कर सन् 1996 से इस क्षेत्र से जुड़ते हुए वर्तमान में इस कम्पनी में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

**क्षमता-** प्रोसेस ग्रह में पाँच स्टेण्टर कार्य कर रहे हैं जिसकी क्षमता 1.50 लाख मीटर फैब्रिक प्रोसेसिंग प्रति माह की है जिसमें 40-50 हजार मीटर कॉटन फैब्रिक फिनिश शामिल है।

**तकनीकी जानकारी -** प्लाण्ट में 5 स्टेण्टर स्थापित हैं, जिसमें 1.50 लाख मीटर प्रतिदिन प्रोसेसिंग क्षमता के हैं, जिसमें 40-50 हजार मीटर कॉटन फैब्रिक तैयार की जा रही है।

**पर्यावरण सुरक्षा -** कम्पनी इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट के साथ पर्यावरण की सुरक्षा के लिये तत्पर है, जिसके लिए आर.ओ. प्लाण्ट स्थापित कर रखा है। इसकी क्षमता लगभग 6 से 8 लाख लीटर तक है। प्रोसेस गृह के आर.ओ. प्लाट में एम.ई. मशीनें लगाई गई हैं, जिसमें शत-प्रतिशत वाटर रिसाइकल हो रहा है और कम्पनी पर्यावरण के सभी मानदण्डों का पालन कर रही है। पर्यावरण संरक्षण हेतु समय-समय पर वृक्षारोपण भी करते हैं।

**मशीनरी उपक्रम-** श्री कटियार ने बताया कि प्रोसेस सभी अत्याधुनिक तकनीकयुक्त मशीनों से परिपूर्ण है जिनमें बायलर, थर्मेक्स एवं वेल्यू एडेड मशीन, सायनर, एस एफ-2 एवं केडी शामिल है। कम्पनी न्यू इनावेशन करते हुए लाफर के साथ CBR, PALMER (पामर) मशीनें स्थापित की गई है।

**फैब्रिक प्रोसेसिंग -** इसके अन्तर्गत PV, PC लाइक्रा फाइबर डाइड, पॉलिएस्टर, ट्विड, शत-प्रतिशत कॉटन फिनिश यूनिफॉर्म एवं एक्सपोर्ट क्वालिटी की फैब्रिक में महारत के साथ फिनिश की जा रही है। कम्पनी स्थानीय मण्डी के अलावा मुम्बई एवं अन्य ब्राण्डेड मिलों का माल भी प्रोसेस के लिए आ रहा है।




A Most Modernised Process House
for Quality Processing of
All Type of Your Fabrics

OFFICE & FACTORY : 13 Km. Stone, Village-guwardi
Chittorgarh Highway, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 249134, 249185,249186, Fax- 91-1482-249198
E-mail: pujaspintex@gmail.com



BHIMSARIYA
Ranjan
Polysters Ltd.

PLANT & REGD. OFF.:
11-12 K.M. Stone, Chittorgarh Road, Village- Guwardi, Bhilwara-311 001
Ph.: 01482-297132 | Email: ranjanpoly@gmail.com


# बेहतरीन फिनिश के लिए जाना पहचाना नाम सल्जर प्रोसेस





अनेक कॉर्पोरेट मिलों का फैब्रिक हो रहा फिनिश

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में बेहतरीन फिनिश के लिए सल्जर प्रोसेस जाना पहचाना नाम है क्योंकि प्रोसेस गृह की सम्पूर्ण टीम हर समय बेहतरीन फिनिश के लिए प्रतिबद्ध रहती है। हर वर्ष प्रोसेस गृह में अत्याधुनिक मशीनों का समावेश करते हुए अनेक कॉर्पोरेट मिलों का फैब्रिक बड़े पैमाने पर फिनिश करते आ रहे हैं।

प्रोसेस गृह के प्रमोटर डायरेक्टर श्री गिरीश गुप्ता ने बताया कि हम हमेशा बेहतर फिनिश देने हेतु तत्पर रहे हैं और इसके लिए हमेशा कुछ न कुछ नया इनोवेशन करते रहते हैं। प्रोसेस गृह के टेक्निकल मेनेजर श्री ब्रिजेश त्रिपाठी ने बताया कि हाल ही में प्रोसेस गृह में अनेक नयी अत्याधुनिक मशीनों का समावेश किया गया है, जो बेहतरीन फिनिश हेतु उपयोगी है।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि हमारे प्रोसेस गृह में कुल 5 स्टेण्टर स्थापित हैं, जो जर्मनी की मोनटेक्स कम्पनी का है। 2 साइनर के साथ 19 न्यू जे डाईंग मशीनें स्थापित की गयी एवं इटली की अत्याधुनिक टीएमटी मशीन की स्थापना की गयी है, जो बेहतर एवं क्वालिटी फिनिश के लिए विख्यात है। साथ ही बेहतर फिनिश के लिए अत्याधुनिक 3 केडी मशीन की स्थापना भी की गयी है।

## प्रोसेस गृह की विशेषता

श्री गुप्ता ने बताया कि अत्याधुनिक मशीनों से लबरेज हमारे प्रोसेस गृह में फाइबर डाइड, पीस डाइड, फैंसी 2/40, 2/50, कोटलुक, लाइक्रा, सालसा की सभी क्वालिटियों की बेहतर फिनिश की जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज स्थानीय वस्त्र मण्डी के अलावा मुम्बई के लगभग सभी कॉर्पोरेट ग्रुप द्वारा कपड़ा फिनिश कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा हर वर्ष नवाचार पर फोकस किया जाता है। प्रोसेस गृह की टेक्निकल टीम द्वारा इस पर निरंतर फोकस किया जा रहा है।

## पर्यावरण मापदण्ड

श्री गुप्ता ने बताया कि प्रोसेसिंग प्रक्रियाओं में सुधार और पर्यावरण शुद्धि के लिए 5 आर.ओ. लगे हुए हैं। पानी के शुद्धिकरण के लिए एमई मशीन भी लगाई है, जो 80 प्रतिशत पानी को शुद्ध करके उपयोगी बनाती है। साथ ही 5 आर.ओ. लगाने से करीब 93 प्रतिशत पानी वापस काम में लिया जा रहा है। इसके अलावा प्रोसेस गृह के आसपास सघन वृक्षावली स्थापित है, जो पर्यावरण को दूषित होने से बचाती है।


SULZER PROCESSORS PVT. LTD. MANDAL
SULZER PROCESSORS
PRIVATE LIMITED
* Developing Technical Textiles * For High Quality Standard
* Equiped With All Latest Finishing M/c




Office & Work:
Opp. Railway Station, MANDAL, Dist. BHILWARA - 311 001 (Raj.)
Ph.: 01486- 266211, 266174, E-mail: sulzerprocess@gmail.com


# आधुनिक तकनीक से सुसज्जित क्वालिटी प्रोसेसिंग में अग्रणी रोलेक्स प्रोसेसर्स




भीलवाड़ा / स्थानीय कपड़ा मण्डी में जाना माना औद्योगिक ग्रुप 'अजय इण्डिया' फैब्रिक उत्पादन क्षेत्र में घरेलू एवं निर्यात बाजार में फैब्रिक सप्लाई के लिए शीर्ष स्तर शुमार होता है। सूटिंग उत्पादन के अलावा कम्पनी का स्वयं का प्रोसेस हाउस है, जो रोलेक्स प्रोसेसर्स प्रा.लि. नाम से कार्यरत है। प्रोसेस कार्य देख रहे डायरेक्टर श्री अशोक काबरा ने प्रोसेस गृह में सभी तरह की आवश्यक मशीनरी स्थापित करते हुए, लेटेस्ट तकनीक का समावेश किया। कम्पनी में टेक्निकल क्षेत्र में अनुभवी एवं प्रशिक्षित अधिकारी एवं इंजीनियर कार्य देख रहे हैं, जिसमें टेक्निकल चीफ श्री पीसी जैन, शिक्षा में एमएससी केमिस्ट्री में पूर्ण करने के पश्चात् सन् 1993 से इस क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। श्री जैन ने प्रोसेस गृह की जानकारी देते हुए बताया कि प्रोसेस गृह में क्वालिटी प्रोसेसिंग की जा रही है एवं आवश्यक सभी मॉडर्न मशीनरी स्थापित की जा चुकी है।

## तकनीकी विवरण

प्लाण्ट में 4 स्टेण्टर हैं, जिसमें 1 स्टेण्टर सात चेम्बर का है। कुल मिलाकर प्रतिमाह 45 लाख मीटर उत्पादन की क्षमता है। अन्य मशीनों में कलेण्डर-5, शाइनर-2, एसएफ-1, केडी-1, कोमफिट -1, जेटडाइंग-17, जिगर-30, जम्बोजिगर-12, डाइंग रेंज-4, ओडी-4, WR-I- मर्सराइज्ड-1 आदि स्थापित हैं। प्रोसेस गृह में पीवी, लाइक्रा, फैंसी, लिनन, कॉटन फैब्रिक की बेहतर फिनिश की जा रही है।

## कॉटन डवलपमेण्ट

बाजार में बढ़ती कॉटन की डिमाण्ड के तहत प्रोसेस गृह में इस क्षेत्र के लिए विशेष डवलपमेण्ट किए गए हैं जिसमें लॉफर, मर्सराइज्ड, ओटोमेटिक जिगर एवं ओटोमेटिक पैसेफिक तकनीक शामिल की गई है। इसमें कॉटन फैब्रिक की उन्नत फिनिश की जा रही है एवं 4-5 लाख मीटर कपड़ा प्रतिमाह कॉटन फिनिश हो रहा है।

## तकनीक अपग्रेड

श्री जैन ने बताया कि कम्पनी द्वारा इस सेक्टर में निरन्तर बदलती तकनीक के मद्देनजर 4 स्टेण्टर में 2 स्टेण्टर को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से अपग्रेड किया गया। मशीनरी में कलेण्डर 7 हो चुके हैं एवं जेटडाईंग 18, जिगर में बदलाव करते हुए पैसेफिक के 10 जिगर एवं 10 इलेक्ट्रॉनिक्स स्थापित किए गये हैं। सीबीआर मशीन भी स्थापित की गई, मर्सराइज्ड पुरानी हटाकर मॉडर्न एवं लेटेस्ट तकनीक की लगाई गई है। कोटलुक बाई लाइक्रा में विशेष महारत हासिल करते हुए कोटलुक बाई कोटलुक में बेहतर क्रिएशन किए गए हैं।

श्री जैन ने कुल प्रोसेसिंग में मात्रा के आधार पर विभाजित करते हुए बताया कि फैंसी में नियमित क्वालिटियां के साथ 30 प्रतिशत यूनिफॉर्म फैब्रिक, कॉटन 15 से 20 प्रतिशत, 25 प्रतिशत फाइबर डाईड एवं शेष में डीएमएस एवं पॉलिएस्टर शामिल हैं। श्री जैन ने वर्तमान स्थिति के बारे में बताया कि पिछले कई महीनों से कपड़ा व्यापार में चल रही मन्दी के बावजूद 40 लाख मीटर की क्षमता से थोड़ा कम जरूर है, लेकिन हमारी स्थिति बेहतर है और हमारे सभी शिफ्ट चल रहे हैं। सीजनेबल मालों में फाइबर डाईड में 2/18, पीस डाईड कॉटलुक और कॉटलुक लाइक्रा, यूनिफॉर्म में बेहतर माल फिनिश के लिए आया।

**स्पेशल क्वालिटी प्रोसेसिंग-** कम्पनी द्वारा फायर रिट्राइडेन्ट टेफलोन के तहत सभी तरह की क्वालिटियां प्रोसेसिंग की जा रही है। जिसमें PV, PC लाइक्रा, कॉटन, शर्टिंग सभी फैंसी उत्पाद एवं कर्टेन क्लॉथ आदि शामिल हैं।

**न्यू डवलपमेण्ट -** कम्पनी द्वारा इस वर्ष कॉटन प्रोसेसिंग की तकनीक से न्यू डवलपमेण्ट करते हुए डिसाइजर (ऑल बेचिंग), Continous प्रारम्भ से अन्त तक बेचिंग सिस्टम स्थापित किया गया एवं विशेष बात यह है कि प्रोसेस गृह में लगभग 65-67 इंच तक में भी कपड़ा फिनिश किया जा रहा है। श्री जैन ने बताया कि मर्सराइजिंग तकनीक में स्कॉरिंग मशीन Maxi जिगर की 12 मशीनें स्थापित की गई और CBR पूर्ववत् रनिंग में है।

**पर्यावरण प्रबंध-** औद्योगिक कार्य के साथ पर्यावरणीय घटकों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी ने हानिकारक पानी के लिये ईटीपी प्लाण्ट लगा रखा है, जिसमें 9 लाख लीटर पानी रिसाइकल हो रहा है। इसके लिए मर्सराइज्ड ME एवं तीसरा आरओ भी स्थापित किया जा चुका है एवं प्रोसेस गृह की रिक्त भूमि पर पेड़-पौधे लगा रखे हैं।


TIN No. 08601050296
Rolex Processors Pvt. Ltd. BHILWARA
ROLEX
Processors Pvt. Ltd.
A Leading Process House
With Kd & Super Finish
Equipped With Most Modern
Machines & Technology
WORKS
13-14 K.M. Stone, Gangapur Road, Pur,
BHILWARA- 311001 (Raj.), Ph : 01482-262252-55
CITY OFFICE
Shop No. 120-122, New Cloth Market, Bhilwara-311001


# उम्दा क्वालिटी की प्रोसेसिंग के साथ कॉटन एक्सपोर्ट्स एवं टेक्निकल टेक्सटाइल के क्षेत्र में किया विशेष डवलपमेण्ट




## साँई लीला प्रोसेस डिविजन

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में सूटिंग उत्पादन की महत्त्वपूर्ण कम्पनी साँईलीला सिंथेटिक्स प्रा.लि. जालान सूटिंग का ग्रे फैब्रिक निर्माण एवं फिनिश आपूर्ति में वृहद स्तर पर नाम शुमार है। जाने माने उद्योगपति श्री नन्दलाल जालान इस क्षेत्र में काफी अनुभव रखते हैं एवं स्वयं का प्रोसेस गृह भी संचालन कर रहे हैं, जो साँईलीला प्रोसेस डिविजन नाम से संचालित है। प्रोसेस ग्रह के प्रबन्ध कार्य में इनके ज्येष्ठ पुत्र श्री नवीन जालान अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से कार्यभार देख रहे हैं।

### प्रोसेस प्रबन्धन

प्रोसेस गृह के प्रबन्ध क्षेत्र में महती भूमिका निभा रहे श्री प्रभात नेनावटी पिछले 28 वर्षों से इसी क्षेत्र में लम्बा अनुभव रखते हुए पिछले कई वर्षों से साँईलीला प्रोसेस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### टेक्निकल प्रमुख

प्रोसेस गृह में अनुभवी टी.एम श्री हरिकुमार इस क्षेत्र में 34 वर्षों से कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। श्री कुमार ने टेक्सटाइल में डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात् इस क्षेत्र में कार्य की शुरूआत की और बड़े ब्राण्ड्स में भी कार्य कर चुके हैं।

### टेक्निकल क्रियेशन

श्री हरिकुमार ने बताया कि कम्पनी में 5 स्टेण्टर स्थापित हैं, जिनको अपग्रेड किया गया व लेटेस्ट तकनीक के साथ उत्पादन कर रहे हैं। यह कुल 40 लाख मीटर मासिक क्षमता के साथ गतिशील है।

### फैब्रिक प्रोसेसिंग

प्रोसेस गृह में सभी मशीनें आधुनिक तकनीक की स्थापित हैं जिसमें केडी, एसएफ, कलेण्डर, साइनर, मर्सराइजर एवं लॉफर इत्यादी शामिल हैं एवं खाते की सभी मशीनों का पूर्णतया अपग्रेड किया गया है। फैब्रिक प्रोसेसिंग में फैंसी, पीवी, कॉटन, लिनन, फर्निशिंग एवं टेफलोन इत्यादि में क्वालिटी प्रोसेसिंग की जा रही है। यूनिफॉर्म फैब्रिक में सभी कलर डिजाइन के साथ फाइबर डाइड में काफी महारत रखते हैं, प्रोसेस गृह में निर्यात बाजार के लिये अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रोसेसिंग के लिये भी माल फिनिश किया जा रहा है एवं कॉटन फैब्रिक फिनिश में क्षमता वृद्धि की गई है।

### प्रदूषण नियन्त्रण

कम्पनी मेनेजमेण्ट इस बात के लिये प्रतिबद्ध है कि इण्डस्ट्री के साथ-साथ पर्यावरण सन्तुलन भी बना रहे जिसके लिये प्रोसेस गृह में इटीपी, आर ओ एवं एम ई मशीनें स्थापित होने के मद्देनजर 0 डिस्चार्ज पूर्णतया मेन्टेन है। प्लाण्ट की परिधि में सघन वन बनाया गया है जो कि जापानी पद्धति पर आधारित है एवं कंपनी सतत रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाती है। कम्पनी सोशियल वेलफेयर कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लडकेम्प भी आयोजित करती है, जिसमें कम्पनी के सभी स्टाफ का बेहतर सहयोग रहता है।

### विशेष डवलपमेण्ट-

कम्पनी में टेक्निकल टेक्सटाइल में बेहतर क्रिएशन किया गया है, जिसमें रेजिस्टेंट (फायर प्रूफ) वाटर प्रूफ एवं डिफेंस सेक्टर के लिये फैब्रिक प्रोसेसिंग की जा रही है एवं फर्निशिंग व शर्टिंग प्रोसेसिंग भी की जा रही है।

### एन्टीस्टेरिक

बिजली सुरक्षा फैब्रिक (अवरोधित) एवं न्यू इण्डस्ट्री एवं एण्टीवायरस फैब्रिक के साथ ही फैंसी, लाइक्रा, कॉटन एवं यूनिफॉर्म सेक्टर में उम्दा क्वालिटी में प्रोसेसिंग की जा रही है।


SAILEELA PROCESSORS PVT. LTD.




A Leading Process House With Modern Technology

HEAD OFFICE- Shop No. 201, 2nd Floor, Manak Moti Complex, Pur Road
Bhilwara-311001, Tel.: 01482-248808 | Email: saileela@gmail.com
REG. OFFICE- Village Gudda, P.O. Mandal- 311403 Dist.: Bhilwara (Raj.)
Mob. No. 9352148228, Email: saileela.process@gmail.com









# निरन्तर इनोवेशन के चलते उम्दा क्वालिटी फिनिश में अव्वल दर्जे पर A.K. SPINTEX LTD.





भीलवाड़ा / स्थानीय वस्त्र मण्डी में शीर्ष प्रोसेस गृहों में शुमार ए.के. स्पिनटेक्स लि. में काफी स्तर तक टेक्नोलॉजी में अपडेट किया गया। जिसमें स्थानीय उत्पादकों के अलावा कॉर्पोरेट सेक्टर एवं निर्यात बाजार के लिए सुपर क्वालिटी फैब्रिक प्रोसेसिंग की वचनबद्धता प्रदान करता है। प्लांट में सभी तरह की लेटेस्ट मशीनरी एवं उपकरण को मॉडर्नाइज किया गया है।

Testing Lab




**कम्पनी प्रबन्धन-** प्रोसेस गृह के स्वामित्व में प्रमुख एग्जिक्युटिव डायरेक्टरर्स में श्री तिलोकचन्द छाबड़ा, श्री सौरभ छाबड़ा एवं प्रबन्ध निदेशक में श्री प्रकाशचन्द छाबड़ा शामिल हैं एवं इन्हीं के दिशा-निर्देशन में प्रोसेस गृह को पूर्णतया मॉडर्न तकनीक से सुसज्जित किया गया है।

**टेक्निकल सर्विस -** कम्पनी में जी.एम. टेक्निकल श्री अरूण सिंह इस क्षेत्र में अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से सफलतापूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। श्री सिंह शिक्षा में बीएससी करने के पश्चात प्रोफेशनल शिक्षा क्षेत्र में Indian Institute of Handloom & Technology, Govt of Indian Ministry of Textile के अन्तर्गत गुवाहाटी (आसाम) से डिप्लोमा कर चुके हैं। ये इंस्टीट्यूट में टॉपर रहे हैं। श्री सिंह भीलवाड़ा से पूर्व बॉम्बे डाइंग, रिलायंस सैन्चुरी व आर्वि डेनिम में ट्रेनिंग कर चुके हैं। प्लाण्ट में चीफ इन्जीनियर पद पर श्री राजेश तोतला अपनी विशिष्ठता के साथ सेवाएं दे रहे हैं।

Formula1 Machine







## सीएफओ

कम्पनी के इस क्षेत्र में श्री दिनेश पोरवाल वित्तीय प्रबन्ध कार्य में महारत रखते हैं। श्री पोरवाल 2006 से पूर्व से भी इसी प्रोसेस गृह में निरन्तर सेवाएं दे रहे थे।

## प्रमुख मशीनरी

सभी मशीनें अत्याधुनिक टेक्नॉलोजी से परिपूर्ण हैं जिसमें Formula I, Continous, Finish Machine, Conty Press Finish, Comfit Finish, Calender, Cool Calender, Nippco Shiner, Biella KD, Caru advance Suiding Machine, Mercerizer and Sanforising zero मुख्यतः कार्यरत है। Caru- यह मशीन इटली निर्मित है एवं कॉटन पिचिंग के काम में ली जाने वाली अपनी समकक्ष मशीनों से उम्दा क्वालिटी की है। यह मशीन एक्सपोर्ट क्वालिटी के साथ ट्विड (जैकेटिंग) एवं ब्लेजर फैब्रिक प्रोसेसिंग में विशेष कार्य करती है। फॉर्मूला-1 को शामिल करने के बाद फैंसी एवं WR फैब्रिक प्रोसेसिंग में महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है।

## न्यू डवलपमेण्ट

कम्पनी कॉटन सेगमेण्ट में फैब्रिक की क्वालिटी प्रोसेसिंग के लिये आवश्यक CBR (कण्टीन्युअस ब्लीचिंग रेंज) CDR,(कोल्ड डाइंग रेंज) एवं नई तकनीक की पामर (PALMER)शामिल की गई है।

## फुल रेंज फॉर्मूला

कम्पनी इस बात के लिये प्रतिबद्ध है कि निरन्तर बदलते फैशन ट्रेण्ड एवं बाजार की डिमाण्ड के अनुरूप फिनिश देने का ध्यान रखा जाय और इसी अनुरूप में फैन्सी प्रोसेसिंग की जा रही है। साथ ही पीवी डाइंग में लाइक्रा का काफी कार्य किया जा रहा है। टेक्स बाय टेक्स फैंसी एवं पीवी डाइंग फैंसी में विशेष डवलपमेण्ट होने से बाहर से काफी कपड़ा प्रोसेस गृह में आ रहा है।

## प्रोसेस गृह की विशिष्टताएं

इन सभी तकनीकी विशेषताओं के चलते कॉटन फैब्रिक की प्रोसेसिंग में यह प्रोसेस गृह शत-प्रतिशत खरा उतरा है। मर्सराईज मशीन स्थापित करने के पश्चात् कॉटन में प्रति शेड (कलर) 150 किलो से लेकर 1000 किलो तक की Dyeing सुविधा वस्त्र निर्माताओं को उपलब्ध करा रहे हैं। अत्याधुनिक Caru मशीन एडवांस सीडिंग मशीन के रूप में कार्य करती है। इसी का परिणाम है कि पिछले वर्ष से ट्विड एवं ब्लेजर फैब्रिक में पीसडाइड एवं फायबर डाइड दोनों में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है, जिनकी फैब्रिक क्वालिटी अन्तरराष्ट्रीय स्तर की रही है। फाइन काउण्ट व कोर्सर काउण्ट दोनों तरह की फैब्रिक में ट्विड फैब्रिक में एन्टी स्टेटिक एवं एंटीपिलिंग फिनिश फैब्रिक की क्वालिटी फिनिश प्रदान कर रहे हैं। कम्पनी फैंसी ब्राण्डेड कपड़ों की प्रत्येक तरह की रेंज में शानदार कार्य कर रही है। वाटरजेट लूम के कपड़ों की प्रोसेसिंग की यहां पर विशेष व्यवस्था है और इसी के चलते सूरत एवं भीलवाड़ा का कपड़ा खासकर आ रहा है। कॉटन लिनन फैब्रिक प्रोसेसिंग की गुणवत्ता के साथ लाइक्रा में पीस डाइड एवं फाइबर डाइड दोनों में यह बेहतरीन फैब्रिक फिनिश प्रदाता कम्पनी बन चुकी है।

**Export-** प्रोसेस गृह में एक्सपोर्ट क्वालिटियों की फैब्रिक की फिनिश के लिए सारे मापदण्ड पर खरा उतरने के लिये प्रतिबद्ध है।

श्रमिक हित - प्रोसेस गृह में कार्यरत श्रमिकों का पूर्णरूप से ध्यान रखा जाता है। इसके लिये आर. ओ. वाटर एवं श्रेष्ठ स्तर की भोजन व्यवस्था है।

**कार्यक्षेत्र-** प्रोसेस गृह में स्थानीय वस्त्र मण्डी के अलावा मुम्बई, हैदराबाद, नई दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत एवं कई कॉर्पोरेट क्षेत्र की कम्पनियाँ शामिल हैं। प्रमुख ब्राण्डेड कम्पनियों में सियाराम, वालजी, अरविंद, नाहर, मफतलाल, ग्रासिम, रिलायंस, बीएसएल, मयूर, सुनील ओवरसीज, दिग्जाम, जेसीटी एवं आदर्श की फैब्रिक मुख्यतयाः आ रही है।

**पर्यावरण संतुलन-** कम्पनी औद्योगिक डवलपमेण्ट के साथ पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। इसके लिए पारिस्थितिकी तंत्र के सारे घटकों को ध्यान में रखते हुए सारे प्रबंध कर रखे हैं। कम्पनी दूषित पानी के उपचार के लिये तीनों स्तर के आर. ओ. पूर्ण रूप से कार्यरत हैं। कम्पनी अभी सरकार द्वारा प्रस्तावित (ZLD) Zero liquid Discharge के मापदण्ड को पूरा करने हेतु ME (Multi Environment System) मशीन भी पूर्णरूप से क्रियाशील है। प्रोसेस गृह के साथ बकाया भूमि में लगभग 23 बीघा क्षेत्रफल में पेड़-पौधे लगा रखे हैं, जो सघन वृक्षावली का रूप ले चुकी है।

**न्यू इनोवेशन -** कम्पनी समय-समय पर प्रोसेस गृह में बदलते फैशन ट्रेण्ड एवं न्यू टेक्नोलॉजी का समावेश करती रहती है। इसी क्रम में कॉटन प्रोसेसिंग एवं लाइक्रा के लिये 8 चेम्बर का स्टेण्टर स्थापित किया गया एवं नई बेला केडी भी लगाई गई। जिगर डाईंग मशीन में ऑल ऑफ ऑटोमेटिक लगाऐ गये हैं।

OD मशीन भी तीन न्यू तकनीक स्थापित की गई। कलेण्डर इटली से आयातित ओटेमेटिक लगाये गये। इसी के साथ प्रोसेस गृह की कुल क्षमता 45 लाख मीटर मासिक हो चुकी है। कुल फैब्रिक प्रोसेसिंग में 70 प्रतिशत पीस डाईड एवं 30 प्रतिशत फाइबर डाईड में उत्पादन हो रहा है।

**जीरो डिस्चार्ज -** कम्पनी द्वारा प्रर्यावरण सुरक्षा के प्रति सजगता के तहत ETP, RO भी न्यू टेक्नोलॉजी को स्थापित कर चुकी है एवं नई तकनीक की थर्मोपेक एवं वायलर स्थापित किए गए हैं, जो सरकार के प्रदूषण मानदण्डों को पूर्ण करते हैं।

**ऑर्गेनिक फ्यूल -** श्री सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार की ग्रीन एनर्जी में बढ़ते कदम के तहत प्रोसेस गृहों में भी ऑर्गेनिक रॉ-मटीरियल उपयोग का भी उपयोग किया जा रहा है।


A.K. SPINTEX LIMITED

REGD. OFFICE & WORKS- 14th Km. Stone, Chittorgarh Road, Village : Bilia Kalan, BHILWARA – 311 001, Ph.: 01482 – 249002,03,04,05 Fax : 01482–249007
Email : akspintex@rediffmail.com, akspintex@gmail.com, Visit us at : akspintex.com

7 से 21 जुलाई, 2024

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

KARNATAKA SPECIAL

# BENGALURU
## Textile Trade Edition

Edition Prepared by: Satya Prakash- 9828249064 | Shiv Kumar- 9829965212



100 % Premium Cotton & Linen Fabrics

HI FABRIQUE INC.®

HI-FABRIQUE® H-F BANGALORE

Corporate Office :

77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com

Mumbai Office :

30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5,
Off Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com

www.hifabrique.com

Venerdi® ITALY

## वस्त्र व्यवसाय में प्रतिष्ठित नाम

# रांका ब्रदर्स

### प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में अग्रणी

**बेंगलुरु /** दक्षिण भारत की प्रमुख कपड़ा मण्डी बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित टेक्सटाइल मार्केटिंग एजेंसी 'रांका ब्रदर्स' प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के कारोबार में अग्रणी पायदान पर है। सन् 1958 में स्व. श्री देवराज रांका द्वारा स्थापित इस एजेंसी की कमान इस समय श्री प्रकाश रांका सम्भाल रहे हैं। व्यवसाय में इनके साथ श्री मनोज सिंघवी, श्री राजेश रांका एवं श्री प्रीतेश रांका भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ईमानदारी, कठिन मेहनत एवं लगन से सप्लायर्स एवं बायर्स के मध्यस्थ के रूप में बतौर एजेंट श्री प्रकाश रांका ने अपनी उम्दा कार्यशैली एवं मधुर व्यवहार से दक्षिण भारत के संगठित क्षेत्र की कई मिलों के फैब्रिक की आपूर्ति सुनिश्चित करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। मिल एवं डिस्ट्रीब्यूटर दोनों के साथ हितेषी भावना से व्यवसाय करते हुए श्री प्रकाश रांका ने दक्षिण भारत की कपड़ा मण्डियों में अमिट पहचान कायम की है। व्यापारी को अच्छा कपड़ा दिलाने एवं मिलों को अच्छे डीलर से जोड़ने की विचारधारा के साथ काम करने वाले श्री रांका का नाम आज पूरे दक्षिण भारत में सम्मान के साथ लिया जाता है।


RANKA BROTHERS
Textile Representative
S.Kumars The Fabric of India Since 1948 | Reid & Taylor | CADINI ITALY | FINE SUITINGS FROM DIGJAM it's who you are
YASHCOTTON CORPORATION | MitVa NEW GENERATION FABRICS | TRUE VALUE | KAMADGIRI FASHION LTD
SAMMAAN EXCLUSIVE FABRICS | Aarnav inspiring textiles
Encot | Kusshtex | TEVERO
Prakash Ranka : 93412 55051
Manoj Singhvi : 93433 77770
Rajesh Ranka : 93433 88880
Pritesh Ranka : 99458 80880
HEAD OFFICE:
#532, 2nd floor, Vrindavan building
Dudi market, Avenue Road
Bengaluru-560002




### ईमानदारी एवं कठिन मेहनत ही सफलता का सूत्र -श्री प्रकाश रांका

"'रांका ब्रदर्स' की स्थापना काल से लेकर अब तक के सफर में मार्केटिंग के लिए उसी ब्राण्ड का चयन किया, जो बाजार में निरंतरता एवं नियमित अपग्रेडेशन के साथ आगे बढ़ने की सोच रखता है। आज हम सन् 1963 से एस. कुमार का काम कर रहे हैं। मेहनत एवं लगन से काम करते गए और कई ब्राण्ड्स समय के साथ जुड़ते गए और विस्तार होता गया।" ये विचार व्यक्त करते हुए अनुभवी एजेंट श्री प्रकाश रांका ने कहा कि किसी भी ब्राण्ड एवं प्रॉडक्ट की मार्केटिंग में अहम होता है आपका काम करने का नजरिया। हमने हमेशा ईमानदारी एवं कठिन मेहनत से मंजिल तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके अलावा किसी काम को करने में जुनून एवं टीम भावना का होना आवश्यक है, तभी हम कामयाब सफर के सारथी बन सकते हैं।

**प्रमुख ब्राण्ड्स** - 'रांका ब्रदर्स' द्वारा मेन्स फैशन क्षेत्र के टॉप प्रीमियम ब्राण्ड्स का काम बड़े लेवल पर किया जा रहा है। श्री प्रकाश रांका ने बताया कि इस समय उनके पास सबसे पुराना ब्राण्ड एस. कुमार्स है, जो यूनिफॉर्म लाइन का सबसे पोपुलर ब्राण्ड है, जिसका सन् 1963 से काम कर रहे हैं तथा इसकी पूरे दक्षिण भारत की एजेंसी रांका ब्रदर्स के पास ही है। साथ ही मेन्स वियर के लिए प्रीमियम फैब्रिक बनाने वाले रीड एण्ड टेलर, कडिनी, दिग्जाम, यश कॉटन ग्रुप, सम्मान, मितवा, कूश टेक्स, टू वैल्यू, कामदगिरी फैशन लि., ए.एस.एम., टेवेरो जैसे टॉप सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की भी आपूर्ति करवाई जा रही है। इसके अलावा एजेंसी द्वारा गारमेण्ट्स सेक्टर में अहमदाबाद से बालकृष्ण टेक्सटाइल्स, अर्नव इण्डस्ट्रीज एवं सूरत से सुदामों के कपड़े की सप्लाई करवाई जा रही है।

**दक्षिण भारत में सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क** - 'रांका ब्रदर्स' का पूरे दक्षिण भारत में सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क स्थापित है। चैन्नई, कोयम्बटूर, मुंबई, हैदराबाद आदि मण्डियों में कार्यालय स्थापित है, जहां से संबंधित व्यापारियों एवं सप्लायर्स को त्वरित सेवाएं प्रदान की जा रही है। वहीं एजेंसी ने अच्छी सर्विस के लिए स्टाफ नियुक्त कर रखा है, जो बायर्स एवं सप्लायर्स को प्रोपर सर्विस प्रदान करने के लिए प्रभावी ढ़ग से काम कर रहा हैं।

## मल्टी टाइप फैब्रिक्स की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसीज

# केसरला आनंद इंक ◆ सुमन टेक्सटाइल्स


श्री केसरला आनंद


श्री केसरला वेंकटेश

**बेंगलुरु/** स्थानीय मंडी स्थित प्रमुख टेक्सटाइल मार्केटिंग फर्म केसरला आनंद इंक विगत 6 दशकों से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय है। श्री केसरला आनंद द्वारा स्थापित इस एजेंसी के तहत 40 वर्षों तक मोहता मिल्स का काम किया गया। ईमानदारी एवं मेहनत से काम करते हुए श्री केसरला आनंद ने बेंगलुरु मंडी ही नहीं अपितु पूरे कर्नाटक एवं वेस्टर्न महाराष्ट्रा राज्य में पहचान कायम की। कपड़ा बाजार में मिलों के माल की सप्लाई को प्रमुखता देने वाले श्री आनंद के सुपुत्र श्री केसरला वेंकटेश के व्यापार में आने के बाद व्यापारिक नेटवर्क में काफी विस्तार हुआ। वर्तमान में श्री केसरला वेंकटेश अपने पिताजी के नक्शे कदम पर चलते हुए अपनी एजेंसी को क्वालिटी फैब्रिक निर्माताओं के रिप्रजेंटेटिव के रूप में नई पहचान दिलाई है। ईमानदारी एवं पारदर्शिता से व्यापार करते हुए श्री केसरला वेंकटेश अपने मधुर व्यवहार से सप्लायर्स एवं व्यापारियों के दिल जीतने में कामयाब रहे हैं।

**ऑल टाइप फैब्रिक की आपूर्ति**- श्री केसरला वेंकटेश अपनी एजेंसीज केसरला आनंद इंक एवं सुमन टेक्सटाइल्स के तहत मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, इचलकरंजी, भीलवाड़ा, पाली, बालोतरा, इंदौर आदि मंडियों के टॉप सप्लायर्स का काम कर रहे हैं। श्री वेंकटेश ने कहा कि वे ऑल टाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, फैंसी सूटिंग-शर्टिंग, कॉटन फैब्रिक्स, हैंडलूम, होम फर्निशिंग उत्पाद, रूबिया, पोपलीन, ड्रेस मटीरियल आदि की सप्लाई पूरे कर्नाटक राज्य में करवा रहे हैं। सप्लायर्स की बात करें तो श्री वेंकटेश अपनी दोनों फर्म्स के तहत प्रसिद्ध यूनिफॉर्म फैब्रिक ब्रांड स्पर्श फैब मुंबई, भीलवाड़ा से राघव प्रीमियम सूटिंग्स, सूरत से लक्ष्मी सिंटेक्स प्रा. लि., मुंबई से एस. एन. होम डेकोर, रोहित फैब्रिक, पाली से महाराजा श्री उम्मेद मिल्स, बालोतरा से पोपलीन निर्माता विमल श्री मिल्स, मालानी टेक्सटाइल्स आदि सप्लायर्स का कार्य प्रमुख रूप से किया जा रहा है। श्री वेंकटेश ने कहा कि हमारा फोकस हमेशा क्वालिटी फैब्रिक सप्लायर्स के माल की समय पर उपलब्ध कराने की रहती है।


Kesarla Anand Inc Since 1962
KESARLA ANAND INC.
SUMAN TEXTILES
Deals in: Uniform Fabrics, Home Furnishing, Dress Materials, Blouse Materials
RMG Fabrics, Greige Fabrics, Cotton & Synthetics Products.
Textile Indenting Agents
Sparsh-Fab UNIFORM FABRIC THOUGHTFUL UNIFORMS | Laxmi SYNTEX PVT. LTD. | Maharaja Shree UMAID MILLS LIMITED Pali-306401 (Rajasthan) INDIA
SN HOME DECOR INSPIRING LIFESTYLES | Silver Leaf A Hub of Bedsheet | Vimal GROUP Service I Satisfaction | ROHIT Fabrics HOUSE OF QUALITY FURNISHING FABRICS
KESARLA VENKATESH : 93414 19002
#309, 3rd Floor, Poonam Plaza, D.S. Lane, Chickpet, Bengaluru - 560 053
Ph.: 080-2287 2719 | 4377 7779 | Email: kesarlaanandinc@gmail.com
DEALER NETWORK IN KARNATAKA, WESTERN PART OF MAHARASHTRA


## हाई क्वालिटी टी-शर्ट एवं शर्ट के निर्माता

# सनटेक्स इंटरनेशनल

**GRASS ब्राण्डनेम से देशभर में मशहूर**


श्री जितेन्द्र चौपड़ा

**बेंगलुरु /** यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए हाई क्वालिटी कॉटन टी-शर्ट के उत्पादन में अग्रणी कंपनी सनटेक्स इंटरनेशनल विगत 20 वर्षों से टेक्सटाइल क्षेत्र में कार्यरत है। डायरेक्टर श्री जितेन्द्र चौपड़ा के नेतृत्व में यह कंपनी GRASS ब्राण्ड नाम से 100 प्रतिशत कॉटन होजयरी टी-शर्ट्स में फुल कलर रेंज बना रही है। यूनिफॉर्म स्पेशलिस्ट रेंज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर सनटेक्स इंटरनेशनल द्वारा स्कूल्स एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिए खास रेंज तैयार की जाती है। श्री चौपड़ा ने चर्चा के दौरान बताया कि टी-शर्ट निर्माण में फैब्रिक सिलेक्शन से लेकर स्टिचिंग तक कलर एवं डिजाइनिंग लेटेस्ट ट्रेंड्स का अनुसरण किया जाता है। स्टिचिंग के लिए कंपनी उच्च दर्जे के एसेसरीज का चयन करती है। यही नहीं कंपनी कलर फास्टनेस के लिए हाई स्टैंडर्ड लेवल का होजियरी फैब्रिक ही इस्तेमाल करती है।


GRASS THE BRAND FOR THE BRANDS
India's No.1
Promotional Apparel Brand
HIGH QUALITY COTTON T-SHIRTS & UNIFORM SHIRTS
ALL UNIFORM SOLUTIONS
School | Hotel
IT Sector | Aviation
Industrial | Corporate
& Many more
ALL INDIA SUPPLY
Suntex International
Manufacturer of Promotional T-Shirts & Shirts
#27, 1st Floor, 1st 'B' Main Road, Sudhamanagar, Bengaluru (Kar.)
E-mail: grass.tshirts@gmail.com | Mob: 97412 53075, 96111 46111




### फैशनेबल एवं स्टाइलिश कलेक्शन

कंपनी यूनिफॉर्म टी-शर्ट्स के अलावा मेंस, वूमेंस एवं किड्स के लिए भी टी-शर्ट्स बनाती है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप कंपनी टी-शर्ट्स में फैशनेबल एवं स्टाइलिश कलेक्शन के लिए भी जानी जाती है। कंपनी ऑर्डर बेसिस पर बड़ी से बड़ी क्वांटिटी सप्लाई करने में सक्षम है।

### यूनिफॉर्म सप्लाई

सनटेक्स इंटरनेशनल अपने ब्राण्ड GRASS के तहत स्कूल एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिए हाई क्वालिटी टी-शर्ट का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। श्री चोपड़ा के अनुसार कॉलेज, आईटी सेक्टर, इंडस्ट्रियल, होटल आदि सेक्टर की यूनिफॉर्म टी-शर्ट्स के लिए कंपनी के पास सैकड़ो कलर्स में टी-शर्ट्स की सप्लाई की जा रही है।

### भरपूर रेंज एवं स्टॉक

कंपनी प्रत्येक क्वालिटी में भरपूर कलर रेंज बनाती है साथ ही भरपूर स्टॉक भी मेंटेन करती है। श्री चोपड़ा ने कहा कि कंपनी कस्टमाइज ऑर्डर भी सप्लाई करती है। फुल कलर्स की उपलब्धता के साथ-साथ क्वालिटी में भी ग्राहक अलग-अलग विकल्प चुन सकते हैं।

### ऑल इंडिया सप्लाई

श्री चोपड़ा के अनुसार कंपनी का सेल्स नेटवर्क राष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। देश के हर क्षेत्र में कंपनी का सशक्त डीलर नेटवर्क स्थापित है। जिसके माध्यम से टी शर्ट्स की आपूर्ति की जा रही है।

## वस्त्र व्यवसाय में जानी-मानी फर्म

# बिमल सामसुखा एण्ड संस

**फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक की आपूर्ति में अव्वल**


श्री बिमल सामसुखा


श्री योगेश सामसुखा

**बेंगलुरु/** स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे कर्नाटक राज्य में फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की आपूर्ति में अव्वल फर्म बिमल सामसुखा एण्ड संस वस्त्र व्यवसाय में एक जाना माना नाम है। वस्त्र व्यवसायी श्री बिमल सामसुखा द्वारा संचालित इस फर्म द्वारा भीलवाड़ा, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर आदि सप्लायर मण्ड़ियों के टॉप सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक निर्माताओं के माल की आपूर्ति पूरे कर्नाटक राज्य में करवाई जा रही है। व्यवसाय में इनके सुपुत्र श्री योगेश सामसुखा भरपूर साथ दे रहे हैं। युवा, मेहनती एवं साहसी व्यवसायी की समस्त खूबियों से परिपूर्ण ये अपने मधुर व्यवहार से अपने पिताजी संग मिलकर बिमल सामसुखा एण्ड संस के कार्य क्षेत्र में लगातार विस्तार कर रहे हैं। फेयर व्यापारिक पॉलिसी एवं रिजनेबल रेट्स में अच्छी क्वालिटी का फैशनेबल एवं स्टाइलिश कपड़ा उपलब्ध कराना इनकी विशेषता को दर्शाता है।

**प्रमुख ब्राण्ड्स...**बिमल सामसुखा एण्ड संस द्वारा सप्लाई किए जाने वाले ब्राण्ड्स का जिक्र करें तो भीलवाड़ा से मुरारका सूटिंग्स, सत्कार सूटिंग्स, श्री राधे सुल्ज, अजय इण्डिया, न्यू मेन, विप्रो, वर्दी वाला, सुमात्रा, सुधा सागर, न्यू ट्रेण्ड, मेरिको, आशुटोन, जया जैसे प्रतिष्ठित ब्राण्ड्स का फैंसी सूटिंग्स एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की वाजिब दरों में आपूर्ति कर रहे हैं। इसी तरह गोरखपुर से कारीवाल टेक्सटाइल, सूरत से विनायक फैशन, सालासर टेक्सटाइल सहित मुंबई से कई प्रतिष्ठित निर्माताओं का काम फर्म द्वारा किया जा रहा है।

**फैंसी सूटिंग-शर्टिंग में रहेगी अच्छी क्वालिटी मांग...**
श्री बिमल सामसुखा ने कहा कि अब व्यापारी अच्छी क्वालिटी का कपड़ा ही लेना पसंद करता है। जिसके चलते बाजार में क्वालिटी फैब्रिक्स की मांग बढ़ी है। फैंसी सूटिंग में कलरफुल टी आर सूटिंग का क्रेज बरकरार है, वहीं एथनिक वियर की बढ़ती मांग से जैकार्ड एवं फैंसी फैब्रिक्स की मांग में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है। सूटिंग में नये-नये कलर्स इन्ट्रोड्यूस होने से युवाओं में नये कलर्स के प्रति आकर्षण बढ़ा है। श्री सामसुखा ने कहा कि, ये साल कपड़ा व्यवसाय के लिए अब तक तो फीका रहा, परंतु अब आगामी सीजन से उम्मीद बरकरार है। 15 अगस्त बाद अच्छी ग्राहकी निकलने की उम्मीद है। यूनिफॉर्म फैबिक्स में छिटपुट डिमाण्ड चल रही है। अब स्कूल खुल जाने से अच्छी ग्राहकी निकलनी चाहिए।


Bimal Samsukha 93422 06691
Yogesh Samsukha 98451 33524
Textile Trading & Commission Agents
Bimal Samsukha & Sons (HUF)
OFFICE: #29, 3rd Floor, DK Lane, Chickpet, Bengaluru (Karnatak)
AKSHAY NIDHI- #88, 5th 'B' Main, 4th Cross, R.P.C. Layout, Vijaynagar Bengaluru-560104, Email: samsukha87@yahoo.com
BHILWARA, SILIGURI, GUWAHATI


# रीड एण्ड टेलर शर्टिंग के प्रमुख होलसेलर मान्यता फैब्रिक्स


श्री महेश पोरवाल एवं श्री लविन पोरवाल


**बेंगलुरु /** स्थानीय मंडी स्थित प्रीमियम मेन्स फैशन फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल डीलर 'मान्यता फैब्रिक्स' पर रीड एण्ड टेलर शर्टिंग का काम किया जा रहा है। अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री महेश पोरवाल एवं श्री लविन पोरवाल द्वारा संचालित इस संस्थान पर एक्सक्लूसिव रीड एण्ड टेलर ब्राण्ड के शर्टिंग फैब्रिक में वाइडेस्ट उपलब्ध है। इनके द्वारा कर्नाटक, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्यों में शर्टिंग फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है। श्री महेश पोरवाल ने कहा कि रीड एण्ड टेलर मेन्स वियर क्षेत्र में एक जाना माना ब्राण्ड है। इसके फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक में मेन्स फैशन के लिए भरपूर रेंज आती है। हमारे संस्थान द्वारा रीड एण्ड टेलर की 100 प्रतिशत कॉटन शर्टिंग एवं जैकार्ड फैब्रिक की सप्लाई की जा रही है।

**कॉन्टेक्ट नंबर- 98452 20188**

# हाई वैल्यू फैशन शर्टिंग उत्पादन में लीडर कंपनी

# HI-FABRIQUE INC.

## 100% गीजा कॉटन एवं लिनन शर्टिंग में लग्जरी प्रीमियम रेंज के लिए मशहूर



श्री जोधराज

**बेंगलुरु/** मेन्स फैशन के लिए सुपर फाइन लग्जरी कॉटन शर्टिंग उत्पादन में शिखर पर सुशोभित HI FABRIQUE INC. फाइनेस्ट गीजा कॉटन शर्टिंग में बेहतरीन डवलपमेण्ट्स देने वाली एक विश्वस्तरीय कंपनी है। वस्त्र उद्यमी श्री जोधराज द्वारा स्थापित HI FABRIQUE INC. विगत 25 वर्षों से वस्त्र उद्योग में अपनी विशेषज्ञ कार्यशैली के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। मेन्स फैशन के लिए विशुद्ध फाइनेस्ट गीजा कॉटन शर्टिंग, कॉटन लिनन एवं लिनन शर्टिंग के उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी शर्टिंग फैब्रिक्स में हजारों डिजाइंस का विशाल कलेक्शन उपलब्ध कराती है। कंपनी VENERDI ब्राण्डनेम से गीजा एवं सुपीमा जैसे कॉटन यार्न से हाई क्लास यार्न डाइड शर्टिंग का विभिन्न आकर्षक डिजाइंस में उत्पादन कर रही है। डायरेक्टर श्री जोधराज की टेक्सटाइल सेक्टर के प्रति गहरी समझ एवं डिजाइंस के प्रति सजगता से VENERDI ब्राण्ड आज वैश्विक स्तर का ब्राण्ड बन पाया है। आज इन्हीं की बदौलत बंगलुरू मण्डी की शान माना जाने वाला यह ब्राण्ड मेन्स फैशन उद्योग में नये आयाम स्थापित कर रहा है। श्री जोधराज के साथ इनके युवा सुपुत्र श्री आकाश जैन एवं सुपुत्री ईशा राज भी पूरी तन्मयता के साथ व्यवसाय में संलग्न है, वहीं HI FABRIQUE INC. के कामकाज में श्री नवीन रांका पहले से ही अहम भूमिका निभा रहे हैं।

HI FABRIQUE INC. गीजा कॉटन शर्टिंग के उत्पादन में नित नये डवलपमेण्ट के लिए मशहूर है। विशेषज्ञ डिजाइनर्स की टीम इनहाउस डिजाइन स्टूडियों में दिन-रात गहन शौध के बाद एक्सक्लूसिव डिजाइंस तैयार करती है। कंपनी के पास अन्तरराष्ट्रीय डिजाइनर्स की टीम है, जो इटेलियन फैशन फैब्रिक्स में कई अभिनव प्रयोग पेश करती रही है। कंपनी प्रतिमाह 400-500 डिजाइंस नई लॉञ्च करती है, वहीं 50 हजार से अधिक डिजाइंस का भरपूर स्टॉक नियमित मेण्टेन करती है। श्री जोधराज ने कहा कि कंपनी ग्राहक संतुष्टि के लिए फैब्रिक की क्वालिटी एवं डिजाइंनिग में बेहतरीन डवलपमेण्ट देने की सोच के साथ कार्यरत है। मेंस फैशन के लिए प्रतिदिन कुछ नया देने के जज्बे के साथ अन्तर्राष्ट्रीय फैशन ट्रेण्ड्स पर पूरी नजर रखते हैं।



श्री आकाश जैन



सुश्री ईशा राज



श्री नवीन रांका

### मेन्स फैशन के लिए बेस्ट चॉइस VENERDI

Venerdi ITALY

सन् 1996 में श्री जोधराज ने मशहूर इटेलियन फैब्रिक ब्राण्ड VENERDI का अधिग्रहण कर भारतीय फैशन बाजार में युवाओं के लिए एक बेहतरीन अन्तर्राष्ट्रीय ब्राण्ड के कपड़े की उपलब्धता सुनिश्चित की थी। उत्पादन तकनीक एवं मार्केटिंग में निपुण श्री जोधराज ने VENERDI ब्राण्ड के तहत हाई वैल्यू फैशन शर्टिंग का उत्पादन बड़े पैमाने पर शुरू कर भारतीय फैशन बाजार को 100 प्रतिशत गीजा कॉटन फैब्रिक्स से रुबरु कराया। इन्होंने अपनी उम्दा कार्यशैली से अन्तर्राष्ट्रीय फैशन ट्रेण्ड्स के अनुरूप उत्पादन करते हुए Venerdi ब्राण्ड की एक आकर्षक फैशन ब्राण्ड के रूप में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान पुख्ता की। विशाल डिजाइनिंग कलेक्शन, हाई स्टेण्डर्ड फिनिशिंग एवं एक्सक्लूसिव डिजाइन डवलपमेण्ट की वजह से VENERDI ब्राण्ड आज पूरी दुनिया में ट्रेण्ड सेटर ब्राण्ड के रूप में प्रसिद्ध है।





### हाई क्वालिटी लग्जरी गीजा कॉटन शर्टिंग रेंज

HI FABRIQUE INC. द्वारा 100 प्रतिशत गीजा कॉटन शर्टिंग में यार्न डाइड, प्रिण्ट एवं प्लेन सॉलिड कलर्स में वाइडेस्ट रेंज निर्मित की जा रही है। वहीं कॉटन लिनन एवं प्योर लिनन में भी कम्पनी यार्न डाइड, प्लेन, जैकॉर्डस, डिजीटल प्रिण्ट्स, इण्डिगों इत्यादि में हजारों डिजाइन्स एवं कलर्स का विशाल कलेक्शन HI FABRIQUE INC. की यूएसपी है। सभी क्वालिटी एवं डिजाइन्स में भरपूर स्टॉक एवं समय पर डिलिवरी के लिए कम्पनी की टीम पूरे समर्पित भाव से सेवा में लगी रहती है।

### अन्तरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

कम्पनी द्वारा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से जर्मनी, यूके, दुबई, हांगकांग, मलेशिया, थाइलेण्ड, इण्डोनेशिया, मोरक्को, थाइलेण्ड, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों में कपड़ा निर्यात किया जा रहा है।

### मशहूर गारमेण्ट ब्राण्ड्स एवं मिल सेक्टर को सप्लाई

HI FABRIQUE INC. नामचीन रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड्स सहित मिल सेक्टर को भी हाई वेल्यू फैशन शर्टिंग की सप्लाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लेक बेरी, विल्स लाइफस्टाइल, एलन सोली, स्कॉलर्स, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बैनेटन, लुइस फिलिप, वैन ह्यूसेन आदि प्रसिद्ध मेन्स वियर ब्राण्ड्स सहित 500 से अधिक पॉपुलर रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड्स को फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है।

### राष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

कम्पनी VENERDI ब्राण्ड की मार्केटिंग डायरेक्ट रिटेल सेक्टर में कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर 3500 रिटेलर्स के माध्यम से कम्पनी पूरे देश में अपने उत्पादों की सप्लाई कर रही है। डायरेक्ट रिटेल में कम्पनी देश के बड़े रिटेल हाउसेज जैसे पोथीज, चैन्नई सिल्क, जेड ब्ल्यूज, पाकीजा, जय लक्ष्मी, कल्याण सिल्क, जे.एस. मोहम्मद अली, जय हिंद, दिल्ली क्लॉथ हाउस के साथ कम्पनी का व्यापार हो रहा है।

# दक्षिण भारत में लेडीज फैशन वियर की बिक्री में शिखर पर

# फैंसी डिजाइनर साड़ीज एवं लहंगे का अग्रणी होलसेल संस्थान

# Peetex





श्री प्रकाश चंद सिंघवी


**बेंगलुरु /** प्रीमियम फैंसी डिजाइनर साड़ीज एवं लहंगें के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान 'पी. टेक्स' दक्षिण भारत का एक जाना माना संस्थान है। बेंगलुरु स्थित यह संस्थान लेडीज फैशन वियर की बिक्री में शिखर पर है। अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री प्रकाश चंद सिंघवी ने सन् 1991 में पी. टेक्स की नींव रखी, तब से लेकर अब तक इनकी उम्दा कार्यशैली की बदौलत यह संस्थान स्थानीय मंडी हीं नहीं अपितु संपूर्ण दक्षिण भारत में फैंसी डिजाइनर साड़ीज एवं लहंगों के प्रतिष्ठित होलसेल संस्थान के रूप में विख्यात है। व्यवसाय में श्री सिंघवी के सुपुत्र श्री भरत सिंघवी अहम भूमिका निभा रहे हैं। संस्थान पर सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई बनारस, हैदराबाद, कोलकाता आदि उत्पादक मंडियों के श्रेष्ठतम साड़ी ब्राण्ड्स सहित लहंगें एवं ब्राइडल तथा पार्टी वियर परिधानों का बड़े पैमाने पर व्यवसाय किया जा रहा है। लेटेस्ट एवं ट्रेंडी फैशनेबल साड़ीज में भरपूर रेंज की उपलब्धता के लिए मशहूर इस संस्थान पर फैंसी साड़ीज के टॉप क्रिएटिव ब्राण्ड्स की भरपूर रेंज वाजिब दरों में सप्लाई की जा रही है। श्री सिंघवी की व्यावसायिक कुशलता एवं मधुर व्यवहार से आज यह संस्थान प्रसिद्धि के शिखर पर है।

### फैशन का पर्याय पी. टेक्स साड़ीज

फैशन पसंद महिलाओं के लिए सर्वोत्तम रेंज उपलब्ध कराने के लिए देश के नामचीन साड़ी ब्राण्ड्स के परिधान संस्थान पी. टेक्स पर प्रतिस्पर्धी दरों में उपलब्ध है। फैशन का पर्याय बन चुका यह संस्थान फैंसी साड़ीज एवं ब्राइडल वियर में इकोनॉमी एवं हायर रेंज के लिए पूरे दक्षिण भारत में अपने उम्दा कलेक्शन के लिए जाना जाता है।



### फैशन क्रिएटर ब्राण्ड्स की अच्छी मांग -श्री भरत सिंघवी



पी. टेक्स संस्थान के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे युवा व्यवसायी श्री भरत सिंघवी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ व्यापार को द्रुत गति से आगे बढ़ा रहे हैं। श्री भरत सिंघवी ने बताया कि पी. टेक्स के रूप में हमारे पिताजी ने एक पौधा लगाया, जिसे उन्होंने ग्राहक संतुष्टि, अच्छे उत्पादों का संग्रह, समयबद्ध डिलिवरी, प्रतिस्पर्धी दरों में उत्पादों की उपलब्धता, भरपूर स्टॉक, लेटेस्ट प्रॉडक्ट रेंज जैसे उसूलों से सींच कर एक विशाल वृक्ष का रूप प्रदान किया है। अब हम इस वृक्ष अर्थात् पी. टेक्स रूपी परिवार का संरक्षण करते हुए विस्तार कर रहे हैं। श्री भरत सिंघवी ने कहा कि आजकल व्यापार में अनिश्चितता ज्यादा हो गयी है। द्रुतगति से बदलने वाले फैशन ट्रेण्ड्स के कारण व्यापारी को और ज्यादा अपडेट होने की जरूरत है। श्री सिंघवी ने कहा कि आगामी फेस्टिव सीजन में फैशन क्रिएटर ब्राण्ड्स की अच्छी मांग रहेगी। जो ब्राण्ड्स इस समय कुछ नया दे रहे हैं उन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि व्यापार संवर्द्धन फैशनेबल एवं ट्रेण्डी परिधानों के संग्रह के साथ प्रतिस्पर्धी दरें एवं मधुर संबंधों पर टिका होता है। इसलिए हम अपने ग्राहक के साथ शुरू से ही मधुर संबंधों के साथ व्यापार को वरीयता देते आये हैं। व्यापारियों को बाजार से हटकर डिजाइनर वैवाहिक एवं पार्टी वियर परिधानों में विस्तृत रेंज उपलब्ध कराना हमारा शुरू से ही ध्येय रहा है।

### प्रमुख ब्राण्ड्स

पी. टेक्स द्वारा मुख्यरूप से लक्ष्मीपति, विशाल प्रिण्ट्स, महोत्सव, तंजोर साड़ीज, सोनिया साड़ीज, सुभाष साड़ीज, अम्बिका फैशन्स, सीमोर प्रिण्ट्स, केसरीनन्दन, त्रिवेणी फैशन्स, रुची, दी फैशन हब, वैशाली, टी एण्ड एम, विधि एथनिक वियर सहित ब्राइडल लहंगाज एवं गाउन्स में गाजीवाला एवं रॉयल ब्राण्ड का व्यवसाय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। साथ ही बेंगलुरू में ही निर्मित प्योर सिल्क साड़ीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

### सेल्स नेटवर्क

पी. टेक्स द्वारा पूरे दक्षिण भारत में साड़ीज की सप्लाई की जा रही है। चेन्नई, हैदराबाद, सिकन्दराबाद एवं सूरत में ब्रांच ऑफिस स्थापित कर रखे हैं। संस्थान पर पूरे दक्षिण भारत से रिटेल व्यापारी खरीदी करने आते हैं। आज पी. टेक्स संस्थान दो हजार रिटेलर्स के विशाल नेटवर्क के साथ दक्षिण भारत के कस्बाई लेवल तक पहुंच बनाने में कामयाब रहा है।

PEETEX
Peetex Plaza, 07, Hospital Road Cross, Bengaluru - 560 009 (KAR)
Ph.: 97420 33007, 98860 91656, 99647 66316

# यूनिफॉर्म फैब्रिक स्पेशलिस्ट संस्थान 'श्रेष्ठ'

## ऑलटाइप यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर


श्री सुरेश गांधी

**बेंगलुरु/** यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में कार्यरत होलसेल संस्थान 'श्रेष्ठ' स्थानीय मण्डी में जाना माना प्रतिष्ठान है। संस्थान के संचालक श्री सुरेश गांधी ने विरासत में मिले कपड़ा व्यवसाय में कुछ हटकर करने का निर्णय लेकर यूनिफॉर्म फैब्रिक का व्यवसाय आरंभ किया। ईमानदारी एवं मेहनत से काम करते हुए श्री गांधी ने अपने संस्थान पर ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादकों के काम को प्राथमिकता दी, जिसके चलते अल्प समय में ही संस्थान ने अच्छी सफलता अर्जित कर पुख्ता पहचान कायम की। बेस्ट क्वालिटी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की रिजनेबल रेट्स में की उपलब्धता के लिए कृत संकल्प श्री गांधी विगत डेढ़ दशक से अपने संस्थान 'श्रेष्ठ' से जुड़े व्यापारियों एवं यूनिफॉर्म गारमेण्टर्स को बेहतरीन कपड़े के साथ सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

संस्थान पर मुख्यतः यूनिफॉर्म फैब्रिक्स उत्पादकों में विस्तृत रेंज प्रदाता कम्पनी मफतलाल, संगम एवं कंचन का काम किया जा रहा है। श्री गांधी ने बताया कि मफतलाल ब्राण्ड के व्हाइट शर्टिंग एवं लिनन का व्यवसाय भी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। इसके अलावा संस्थान द्वारा मेक टू ऑर्डर पर भी कपड़ा सप्लाई किया जाता है।

### यूनिफॉर्म फैब्रिक्स वैरायटीज

'श्रेष्ठ' संस्थान पर यूनिफॉर्म फैब्रिक्स से संबंधित समस्त वैरायटीज की उपलब्धता है। चैक्स, प्लेन सूटिंग, पीसी, ट्रोविन, मेटी, ट्विल, गेवरडिन रेंज सहित शर्टिंग में चैक्स शर्टिंग, स्पन, फिलाफिल, शैमरे जैसी रेंज की सप्लाई की जा रही है। श्री गांधी के अनुसार इनके संस्थान पर स्कूल्स एवं कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए विस्तृत रेंज उपलब्ध है। वर्तमान सीजन के बारे में चर्चा करते हुए श्री गांधी ने बताया कि अच्छी क्वालिटी के युनिफॉर्म फैब्रिक्स की मांग लगातार बढ़ रही है। स्कूल्स एवं कॉर्पोरेट सेक्टर से मिलों के कपड़े की मांग ज्यादा की जाती है, इसलिए हम भी मिल सेक्टर के यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में ज्यादा रेंज मेण्टेन करने की रणनीति के साथ व्यवसायरत हैं।

### भरपूर स्टॉक

श्री गांधी ने कहा कि यूनिफॉर्म सेक्टर में सबसे अहम पार्ट स्टॉक होता है। आप कितनी रेंज मेण्टेन करते हैं, उसके आधार पर ही डिलिवरी सुनिश्चित हो पाती है। इसलिए हम अपने संस्थान पर उपलब्ध यूनिफॉर्म फैब्रिक वैरायटीज में भरपूर स्टॉक मेण्टेन करते हैं, ताकि व्यापारियों को त्वरित माल की डिलिवरी की जा सके।


SHRESTH

Specialist In All Type Of Uniform Fabrics

Wholesale Distributor

Mafatlal — MAFATLAL INDUSTRIES LIMITED | Sangam SUITINGS — YOU ARE WHAT YOU WEAR | kanchan INDIA

#15, 12th Cross, R.T. Street, Near Jodhpur Sweets
B.V.K. Iyengar Road, Bengaluru, Ph.: 080 22286069
Mob.: 98444 70869, 96201 36221
E-mail: shresthgandhi@gmail.com

Fancy Suiting-Shirting Also Available


### ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसी

# कामधेनु एजेंसीज प्रा. लि.


श्री राजेन्द्र जैन


श्री दीपक जैन

